2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक-327 रविवार,02 अक्टूबर 2022, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

यदि तुम चाहे तो अपने कार्य द्वारा कोई भी चमत्कार कर सकते हो।

- स्वामी विवेकानंद-

# भारत में पाकिस्तान की शहबाज सरकार के खिलाफ फिर बड़ी डिजिटल स्ट्राइक

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** भारत में अशांति फैलाने के लिए हमेशा नकारात्मक सोच रखने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार की ओर अब तक सर्जिकल स्ट्राइक सहित कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके बावजूद पाकिस्तान सरकार अपने नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

भारत में पाकिस्तान की शहबाज सरकार के खिलाफ आज फिर बड़ी डिजिटल स्ट्राइक हुई है। हाल ही में पीएफआई पर पांच साल के बैन के विरोध में पाकिस्तानी दूतावास की तरफ से ट्वीट किया गया था। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के कनाडा में स्थित दूतावास ने इस कार्रवाई पर भारत का विरोध किया और पीएफआई के समर्थन में बातें कही थी। माना जा रहा है कि इस वजह से भारत में पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट बैन किया गया है। हालांकि अभी ट्विटर के ऑफिशियल स्टेटमेंट का इंतजार है।

### प्रतिबंधित पीएफआई के समर्थन में किया था ट्वीट

दरअसल, सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के कनाडा में स्थित दूतावास के एक ट्वीट का स्क्रीनशॉट, जो पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के समर्थन में था, खूब वायरल हुआ था। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान महावाणिज्य



दूतावास वैंकूवर के आधिकारिक हैंडल ने प्रतिबंधित पीएफआई के समर्थन में ट्वीट किया था। यही नहीं आपत्तिजनक ट्वीट के साथ इसमें पाकिस्तान विदेश मंत्रालय और पाक सरकार को टैग भी किया गया। सोशल मीडिया पर इस ट्वीट के खिलाफ लोगों ने काफी गुस्सा निकाला। यह पोस्ट काफी वायरल भी हुई।

वायरल स्क्रीनशॉट में ट्वीट किया गया था कि भाजपा शासित राज्यों में हिरासत के नाम पर बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हो रही हैं। यह और कुछ नहीं बल्कि पीएफआई को निशाना बनाने वाली केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। इस निरंकुश व्यवस्था के तहत इस तरह की कार्रवाई अपेक्षित थी।

### 55 यूट्यूब चैनलों और दो वेबसाइट पर भी लगा था प्रतिबंध

बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब पाकिस्तान पर भारत ने डिजिटल स्ट्राइक की हो। इससे पहले भी देश विरोधी कंटेंट वाले 55 यूट्यूब चैनलों और दो वेबसाइट को मोदी सरकार ने बैन कर दिया था। भारत पाकिस्तान पर इस तरह की कार्रवाई जनवरी 2022 और दिसंबर 2021 में कर चुका है।

### कई बार लताड़ चुका है भारत

हाल ही में बाइडेन प्रशासन ने एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मेंटनेंस पैकेज को मंजूरी दी थी। इस पर भारत ने बड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पाकिस्तान को सहायता दिए जाने का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान इस तरह के मेंटेनेंस पैकेज का इस्तेमाल भारत में आतंकवाद में करता रहा है। जयशंकर ने कहा था कि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कहां और किसके खिलाफ करता है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से दिया इस्तीफा

## कांग्रेस अध्यक्ष बनना तय



**नई दिल्ली , 01 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जदगीप धनखड़ को अपना इस्तीफा सौंपा है।

आपको बता दें कि उन्होंने कल ही अपना कांग्रेस अध्यक्ष के लिए अपना नामांकन दर्ज कराया था। इस दौरान कांग्रेस के कई बड़े नेता उनका समर्थन करने के लिए उपस्थित रहे। ऐसे में उनकी जीत की संभावना काफी प्रबल है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने करीब डेढ़ साल पहले फरवरी 2021 में राज्यसभा में नेता विपक्ष का पद संभाला था। पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद खड़गे को राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा देना ही होता। अब खड़गे की जगह नया नेता विपक्ष बनना तय है। इस दौड़ में वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, दिग्विजय सिंह और केसी वेणुगोपाल सहित कई नेता शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### पीएफआई की हिट लिस्ट में 5 आरएसएस नेताओं के नाम

**केंद्र सरकार ने दी वाई श्रेणी सुरक्षा**

**नई दिल्ली , 01 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिला है कि प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की हिट लिस्ट में केरल के 5 आरएसएस नेता हैं।

वहीं इसके बाद गृह मंत्रालय ने शनिवार को इन नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान देने की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए को छापेमारी के दौरान केरल पीएफआई सदस्य मोहम्मद बशीर के घर से एक सूची मिली, जिसमें कथित तौर पर पीएफआई के रडार पर आरएसएस के पांच नेताओं के नाम थे।

सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को जानकारी मिली है कि प्रतिबंध लगाने के बाद केरल के पांच आरएसएस नेता पीएफआई की हिट लिस्ट में हैं। एनआईए ने मामले की जानकारी गृह मंत्रालय को साझा की, जिसके बाद सरकार ने यह फैसला लिया।

### केदारनाथ मंदिर के पास भरभराकर गिरा बर्फ का पहाड़,तीर्थ यात्रियों में दहशत



**रुद्रप्रयाग, 01 अक्टूबर 2022।** उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के पास शनिवार सुबह हिमस्खलन होने से तेज बर्फीली हवाएं चलने लगी। पहाड़ के भरभराकर गिरने से तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिला। लेकिन, राहत की बात रही कि धाम और किसी भी तीर्थ यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन रजवार ने बताया कि प्रातः लगभग साढ़े पांच बजे से छह बजकर 10 मिनट के बीच हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन से केदारघाटी में किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर से हिमस्खलन क्षेत्र की दूरी लगभग छह से सात किलोमीटर है।

# खड़गे और थरूर की उम्मीदवारी को लेकर भाजपा ने राहुल से पूछा सवाल

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** राहुल गांधी ने हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को संगठन की बजाय विचारधारा का पद बताते हुए यह कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष सिर्फ एक संगठनात्मक पद नहीं है, बल्कि यह एक वैचारिक पद है। कांग्रेस अध्यक्ष एक विचारधारा, एक विश्वास प्रणाली और भारत की दृष्टि का प्रतिनिधित्व करेगा। उनके इस बयान की याद दिलाते हुए भाजपा ने उनसे सवाल किया है। भाजपा ने कटाक्ष करते हुए पूछा है, उस विश्वास प्रणाली का बेहतर प्रतिनिधित्व कौन करता है? थरूर, जो एक टूटा हुआ भारत देखना चाहते हैं या सनातन धर्म से डरने वाले खड़गे?



भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण का एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी से यह सवाल पूछा है। मालवीय ने सनातन धर्म को लेकर इस वीडियो में खड़गे द्वारा दिए गए भाषण और कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले थरूर द्वारा अपने प्रचार के लिए जारी घोषणापत्र में भारत का गलत नक्शा दिखाने के संदर्भ में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल पर कटाक्ष करते हुए यह सवाल पूछा है।

भाजपा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए गांधी परिवार से बाहर के नेताओं के चुनाव लड़ने को सिर्फ एक 'नाटक' बताते हुए यह भी आरोप लगा रही है कि कांग्रेस का अध्यक्ष कोई भी बने, उसे गांधी परिवार के निर्देश पर ही काम करना पड़ेगा। भाजपा का यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बावजूद मल्लिकार्जुन खड़गे एक कठपुतली ही साबित होंगे और रिमोट से नियंत्रित होंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा का 24 वें दिन

## राहुल ने तोंडावली गेट से शुरू की पदयात्रा

**कर्नाटक, 01 अक्टूबर 2022।** भारत जोड़ो यात्रा का आज 24वां दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज तोंडावली गेट से पदयात्रा शुरू की है। बता दें कि 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी ना केवल 20 से 25 किलोमीटर की रोज़ाना यात्रा कर रहे हैं बल्कि समाज में अलग-अलग वर्गों के लोगों से मिल जुल भी रहे हैं। 30 सितंबर को राहुल गांधी केरल की सीमा पार कर कर्नाटक पहुँच गए हैं और वहाँ भी 21 दिनों तक यात्रा करेंगे। कर्नाटक में सात ज़िलों में 500 से ज़्यादा किलोमीटर की यात्र कर वे अगले चरण में तेलंगाना जाएँगे। कल कर्नाटक में राहुल गांधी ने इस यात्रा को आम जनता की आवाज सुनने का एकमात्र जरिया बताया है। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा कि इसे कोई रोक भी नहीं सकता क्योंकि यह देश की यात्रा है। इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अनुसार, इस यात्रा के जरिए कर्नाटक की जनता जिन समस्याओं का सामना कर रही है, उसे सामने लाया जाएगा। इस यात्रा को आम जनता से जुडने का एकमात्र विकल्प बताते हुए राहुल ने कहा, लोकतंत्र में अनेकों संस्थान हैं। मीडिया और संसद भी हैं लेकिन ये सब विपक्ष के लिए चुप हैं। मीडिया हमारी नहीं सुनती। इस हालात में हमारे पास मात्र एक ही विकल्प है भारत जोड़ो यात्रा, इसे कोई नहीं रोक सकता क्योंकि यह देश का मार्च है। राहुल ने आज कहा, यह भारत की यात्रा है और देश की जनता की आवाज सुनने के लिए ही यह निकाली जा रही है जिसे कोई दबा नहीं सकता।



# कांग्रेस के लिए सिरदर्द बना राजस्थान

## गहलोत गुट के विधायकों का हाईकमान को अल्टीमेटम-वापस नहीं लेंगे इस्तीफा

**जयपुर, 01 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस के लिए राजस्थान की राजनीति सिरदर्द बनती जा रही है। यहां सियासी संकट अभी तक बरकरार है। अशोक गहलोत ने भले ही यह कहा है कि उनके लिए पद कोई मायने नहीं रखता और वह पार्टी को मजबूत बनाना चाहते हैं, लेकिन उनके विधायकों ने एक बार फिर हाईकमान को चुनौती दे दी है। इन बागी विधायकों की तरफ से एक अल्टीमेटम जारी किया गया है। इसमें विधायकों ने साफ कर दिया है कि दिल्ली से जब तक अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री पद पर रहने का ऐलान नहीं होगा, तब तक वे अपनी इस्तीफा वापस नहीं लेंगे।



हालांकि अशोक गहलोत और सचिन पायलट की लड़ाई पर पार्टी आलाकमान ने अभी फैसला करना है। पार्टी का कहना है कि सोनिया गांधी राजस्थान के मुख्यमंत्री के बारे में एक-दो दिन में फैसला ले लेंगी। वहीं अगर कांग्रेस हाईकमान गहलोत के खिलाफ फैसला लेता है तो सरकार अल्पमत में आ सकती है। इस समय सभी की निगाहें राजस्थान पर टिकी हैं।

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी हाईकमान अशोक गहलोत के नाम पर विचार कर रहा था। ऐसे में उनकी जगह राजस्थान के सीएम पद पर सचिन पायलट की ताजपोशी किए जाने की चर्चाएं तेज हो गई थीं। इस संबंध में पार्टी की तरफ से मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन को जयपुर भेजा गया था। दोनों ऑब्जर्वर को विधायक दल की बैठक लेना था लेकिन उससे पहले ही गहलोत समर्थक विधायकों ने मंत्री शांति धारीवाल के घर एकत्रित होकर सामूहिक इस्तीफे पर हस्ताक्षर कर दिए थे।

### दिल्ली के एक शख्स ने बेटी के सामने की पत्नी की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली ,01 अक्टूबर 2022।** यहां द्वारका के मोहन गार्डन में एक व्यक्ति ने अपनी नौ साल की बेटी के सामने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम को उन्हें एक दंपत्ति के बीच लड़ाई की बात का फोन आया और यह भी की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने कहा, नवादा काकरोला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में मौके पर पहुंचने पर, पुलिस ने महिला को खून से लथपथ पाया और पति गायब था। वहीं उनकी नौ वर्षीय बेटी ने पुष्टि की कि दंपति के बीच लड़ाई हुई और वह गुस्से में था, साथ ही यह भी कहा की उसके पिता ने उसकी मां पर चाकू से वार किया। मृतक की पहचान आरती के रूप में हुई है जबकि उसके पति की पहचान स्कूल शिक्षक संजय के रूप में हुई है।

### एसिड अटैक,दो लड़कियों को बनाया गया निशाना,सामने आया वीडियो

**जयपुर, 01 अक्टूबर 2022।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिनदहाड़े दो लड़कियों पर एसिड फेंक दिया गया. घटना ऐसी कि हर कोई हतप्रभ रह गया. एक सिरफिरा युवक बाइक पर आया और पहले एक लड़की पर तेजाब फेंक दिया. घटना वाटिका गांव की सुबह के 11 बजे की है. इतना ही नहीं, वही युवक आगे बढ़ा और करीब 1 किलोमीटर दूर जाने के बाद वहां एक और लड़की पर एसिड फेंकने का काम किया. इसके बाद मौक से फरार हो गया.




» एक सिरफिरा युवक बाइक पर आया और पहले एक लड़की पर तेजाब फेंक दिया.

सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले इस इलाके में शनिवार सुबह ये घटना घटी. पुलिस ने बताया कि दोनों लड़कियों पर एक अज्ञात युवक ने एसिड फेंक दिया. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डीसीपी साउथ जयपुर ने आजतक को फोन पर बताया कि दोनों लड़कियां सुरक्षित हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि एसिड डायल्यूटेड था, इसलिए लड़कियों को मामूली घाव ही हुए हैं. पुलिस ने ये भी बताया कि दोनों लड़कियां आपस में एक-दूसरे को जानती हैं, ऐसा उन्हें कोई क्लू नहीं मिला है.

पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है. वहीं घटना के बाद आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### जियो दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में 5 जी टेलीफोनी सेवाएं शुरू करेगी : मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली , 01 अक्टूबर 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल सम्मेलन के चार दिनों के कार्यक्रमों का उद्घाटन किया और देश में 5जी मोबाइल सेवाओं का शुभारंभ किया। आईएमसी का यह छठा संस्करण है इसका विषय है नया डिजीटल संसार। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 5जी दूरसंचार नेटवर्क से मोबाइल डाटा का प्रवाह कई गुना तेज होगा और लोगों को विश्वस्तरीय विश्वसनीय संचार सुविधाएं मिलेगी। 5जी प्रौद्योगिकी से ऊर्जा दक्षता और स्पेक्ट्रम तथा नेटवर्क का उपयोग बेहतर होगा। वहीं इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने कहा कि हमने जो दिखाया है उस पर बहुत गर्व है। सीओएआई और डीओटी के लिए, मैं कह सकता हूं कि हम नेतृत्व लेने के लिए तैयार हैं और भारतीय मोबाइल कांग्रेस को अब एशियन मोबाइल कांग्रेस और ग्लोबल मोबाइल कांग्रेस बनना चाहिए।



# बिग बी हुए 80 साल के,अब उनकी 11 प्रतिष्ठित फिल्मों को प्रदर्शित करने के लिए होगा विशेष फिल्म महोत्सव

**मुम्बई, 01 अक्टूबर 2022।** अमिताभ बच्चन के 80वें जन्मदिन के अवसर पर 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक बच्चन बैक टू द बिगिनिंग नामक एक विशेष फिल्म समारोह आयोजित किया जाएगा। यह फेस्टिवल 17 भारतीय शहरों में अपनी ऐतिहासिक शुरूआती फिल्मों के माध्यम से अभिनेता के लिए का जश्न मनाएगा, जिसमें 22 सिनेमा हॉल में 172 शोकेस और 30 स्क्रीन शामिल हैं। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने पीवीआर सिनेमाज के साथ साझेदारी में इस अनोखे फेस्टिवल की घोषणा की है। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, फिल्म निर्माता और पुरालेखपाल शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर द्वारा स्थापित, ने ग्यारह ब्लॉकबस्टर फिल्मों का एक संग्रह तैयार किया है। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने एक बयान में कहा, बड़े होकर, मैं अमिताभ बच्चन का सबसे बड़ा प्रशंसक था। जब मैं स्कूल में उनकी फिल्में देखने के लिए जाता था और अक्सर कॉलेज में कक्षा से बाहर कर दिया जाता था। मुझे बहुत खुशी है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन श्री बच्चन को उनके 80वें जन्मदिन पर देश भर में अपनी तरह के पहले चार दिवसीय उत्सव के साथ श्रद्धांजलि दे रहा है।फिल्मों की क्यूरेटेड सूची के बारे में बोलते हुए, उन्होंने आगे कहा, उनकी शुरूआती फिल्मों में से सर्वश्रेष्ठ को एक साथ रखना एक बड़ा काम रहा है, जिसने उन्हें एक सुपरस्टार के रूप में लॉन्च किया और इन फिल्मों को प्रदर्शित किया ताकि देश भर के दर्शक फिल्मों का आनंद ले सकें। उन्हें मूल रूप से बड़े पर्दे पर दिखाया गया था। मुझे पता है कि यह कई त्योहारों में से पहला होगा जो हमारी सिनेमाई विरासत को उन सिनेमाघरों में वापस लाएगा जहां यह है।शोकेस में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद से लेकर अहमदाबाद, सूरत, बड़ौदा, रायपुर, कानपुर, कोल्हापुर, प्रयागराज और इंदौर जैसे शहरों को कवर किया जाएगा।इसमें डॉन, काला पत्थर, कालिया, कभी कभी, अमर अकबर एंथनी, नमक हलाल, अभिमान, दीवार, मिली, सत्ते पे सत्ता और चुपके चुपके जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। फिल्म फेस्टिवल के साथ मेल खाने के लिए, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन जो भारत की फिल्म विरासत के संरक्षण, बहाली, प्रलेखन और प्रदर्शनी के लिए समर्पित है, मुंबई में पीवीआर जुहू में दुर्लभ अमिताभ बच्चन की यादगार की एक प्रदर्शनी भी लगाएगी। प्रदर्शनी की कहानी को फ्रेम किए गए दृश्यों को गिरफ्तार करके, दशकों की सफलता, फैंटेसी और प्रशंसा का जश्न मनाने के माध्यम से बताया जाएगा। फिल्म इतिहासकार, लेखक और पुरालेखपाल एस एम एम औसाजा द्वारा क्यूरेट की गई प्रदर्शनी में दुर्लभ विंटेज पोस्टर, कमीशन की गई कलाकृतियां, तस्वीरें, एलपी जैकेट, पत्रिका कवर, एक विशाल 7 फीट स्टैंडी और मूल शहंशाह सहित यादगार वस्तुओं का एक विविध और सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया गया संग्रह होगा।



**कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनावः**

# मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि एक प्रत्याशी का नामांकन हुआ कैंसिल

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच होगा. तीसरे प्रत्याशी झारखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री केएन त्रिपाठी का नामांकन कैंसिल हो गया है. हालांकि नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है. इसलिए उसी दिन तस्वीर साफ हो पाएगी कि चुनाव होगा या नहीं. अगर किसी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया तो चुनाव होगा.




कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव प्रभारी मधुसूधन मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए फॉर्म की जांच की जा चुकी है. इनमें 20 फॉर्म्स में से 4 में फॉर्म्स में हस्ताक्षर में भिन्नता पाई गई, जिसकी वजह से उन्हें अस्वीकृत कर दिया गया. अब इस चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर आमने-सामने होंगे. झारखंड के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का फॉर्म रिजेक्ट हो गया.

मिस्त्री ने कहा कि नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है. अभी तक जैसा लग रहा है कि खड़गे और थरूर के बीच में चुनाव होंगे.

## संपादकीय

# नड्डा चुनाव तक बने रहेंगे!

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के मामले में पिछला इतिहास दोहराए जाने की संभावना है। जिस तरह पिछले लोकसभा चुनाव से पहले अमित शाह का कार्यकाल समाप्त हो गया था लेकिन वे लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनाव तक अध्यक्ष बने रहे थे। उसी तरह इस बार लग रहा है कि जगत प्रकाश नड्डा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव तक या उसके बाद भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। अमित शाह के अध्यक्ष रहते नड्डा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया था और उन्होंने जनवरी 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था।

उस तरह से इस बार नड्डा के साथ कोई कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना नहीं है लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि नड्डा अध्यक्ष बने रहेंगे। नड्डा का कार्यकाल अगले साल जनवरी में समाप्त हो रहा है। भाजपा के संविधान के कोई मुताबिक कोई भी नेता लगातार दो बार अध्यक्ष रह सकता है। इस नाते उनके फिर से अध्यक्ष बनने के रास्ते में कोई तकनीकी बाधा नहीं है। सो, उन्हें चुनाव तक विस्तार मिल सकता है या तीन साल का एक और कार्यकाल मिल सकता है। पार्टी के दोनों शीर्ष नेताओं का मानना है कि अभी सब ठीक चल रहा है और नड्डा की टीम परफेक्ट संतुलन के साथ काम कर रही है। इसलिए संतुलन बिगाड़ने या बदलने की जरूरत नहीं है।

अगर पार्टी तय करती है कि जेपी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे तो इसका मतलब होगा कि अगर भाजपा फिर से जीतती है तो वे हिमाचल प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। काफी समय से इस बात की चर्चा थी कि उनको उनके गृह प्रदेश भेजा जा सकता है। जयराम ठाकुर की जगह जेपी नड्डा या अनुराग ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा काफी समय से चल रही है। ध्यान रहे हिमाचल प्रदेश में नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। अगर भाजपा जीतती है और नड्डा मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं तो तय हो जाएगा कि वे पार्टी अध्यक्ष बनेंगे और भाजपा उनकी कमान में ही 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

अगर ऐसा होता है तो यह कांग्रेस के लिए एक बड़ा मैसेज होगा, जिसके मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद नहीं स्वीकार कर रहे हैं। बहरहाल, अगर नड्डा को दूसरा कार्यकाल नहीं मिलता है या उन्हें लोकसभा चुनाव तक विस्तार नहीं मिलता है तो दो केंद्रीय मंत्रियों- धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंदर यादव में से किसी के अध्यक्ष बनने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि यह संभावना भी जताई जा रही है कि ऐन मौके पर आरएसएस की ओर से कोई चौंकाने वाला नाम भी सुझाया जा सकता है।

# बेमिसाल थी गांधी जी की स्पष्टवादिता और सत्यनिष्ठा



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान से तो पूरी दुनिया परिचित है। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गांधी जी ने अपनी स्पष्टवादिता और अहिंसक विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। उन्हीं के द्वारा दिखलाए मार्ग पर चलते हुए लाखों-करोड़ों भारतीय देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बने थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं। इन्हीं में कुछ ऐसे प्रसंग भी सामने आते हैं, जब उनकी बातें सुनकर उनके सम्पर्क में आए व्यक्ति का हृदय परिवर्तन हो जाता था। दरअसल लोगों के दिलोदिमाग पर उनकी बातों का जादू सा असर होता था।

गांधी जी एक बार श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देख गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब उस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?'' बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?''

आजादी की लड़ाई के दिनों में गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा, ''इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके।''

एक बार गांधी जी चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।'' किसान को बिना कुछ कहे गांधी जी चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दुःखियों का दुःख मिटाने वाले गांधी जी ...।''

दिलचस्प बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया।

ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफ्रीका की है। एक प्रसिद्ध भारतीय व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। उस दौरान कलकत्ता और बम्बई से उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे प्रायः चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाकर रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा रूस्तम जी की यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और उन्हें पूरा वृतांत सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाई और सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल की सजा ही क्यों न हो जाए।

गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी उसी समय चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकारते हुए भविष्य में फिर कभी ऐसा अपराध नहीं करने का वचन दिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया। ऐसा था गांधी जी का बातों का लोगों के दिलोदिमाग पर जादुई असर।



# ईमानदारी और सादगी के प्रतीक थे शास्त्री जी



अंकुर सिंह
हरदासीपुर
उत्तरप्रदेश

देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर को शारदा प्रसाद और रामदुलारी देवी के घर उत्तर प्रदेश में मुगलसराय शहर के पास रामनगर में हुआ था। नेहरू जी के निधन के बाद शास्त्री जी देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। शास्त्री जी के ईमानदारी और सादगी-पूर्ण जीवन के अनेक किस्से है -

पहला वाक़या जिक्र कर रहा हूं, जब शास्त्री जी देश के प्रधानमंत्री थे, एक बार उनके बेटे सुनील शास्त्री जी ने रात कही जाने हेतु सरकारी गाड़ी लेकर चले गए और जब वापस आए तो लाल बहादुर शास्त्री जी ने पूछा कहा गए थे, सरकारी गाड़ी लेकर इस पर सुनील जी कुछ कह पाते की इससे पहले लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा कि सरकारी गाड़ी देश के प्रधानमंत्री को मिली है ना की उसके बेटे को, आगे से कही जाना हो तो सरकारी गाड़ी का प्रयोग ना किया करो, शास्त्री जी यही नहीं रुके उन्होंने अपने ड्राइवर से पता करवाया की गाड़ी कितने किलोमीटर चली है और उसका पैसा सरकारी राज कोष में भी जमा करवाया।

हमारे देश में आजकल जन प्रतिनिधियों के परिजनों के साथ उनके करीबी लोग भी उन्ही के सरकारी गाड़ी में घूमते हैं अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए।

दूसरा वाक़या जिक्र कर रहा हूं, लाला लाजपतराय ने आजादी की लड़ाई लड़ रहे गरीब देशभक्तों के लिए सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी बनायीं थी जो गरीब देशभक्तों को पचास रुपये की आर्थिक मदद प्रदान करती थी, एक बार जेल से उन्होंने अपनी पत्नी ललिता जी को पत्र लिखकर पूछा कि क्या सोसाइटी की तरफ से जो 50 रुपये की आर्थिक मदद मिलती हैं उन्हें, जवाब में ललिता जी ने कहा हाँ जिसमे से 40 रुपये में घर का खर्च चल जाता है। शास्त्री जी ये पता चलते ही बिना किसी देर किये सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी को पत्र लिखा कि मेरे घर का खर्च 40 रुपये में हो जाता हैं, कृपया मुझे दी जानी वाली सहयोग 50 रुपये से घटा कर 40 रुपये कर दी जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा देशभक्तों को भी आर्थिक सहयोग मिल सकें।

आज का युग में तो यदि जन प्रतिनिधियों के सैलरी बढ़ोत्तरी की बात हो तो क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष दोनों एक मत हो इस मांग पर अपना समर्थन दे देते हैं, भले ही राष्ट्रहित और समाज हित के मुद्दों पर ये लड़ते देखे जाए। ये भी नहीं सोचते आज के वर्तमान जनप्रतिनिधि की वह तो सरकारी पैसे से मौज से जी रहे है और देश का किसान, मज़दूर इत्यादि गरीबी, महंगाई और अभाव की जिंदगी जी रहे हैं।

किस्सों के दौर में आगे चलते है तो एक किस्सा और जुड़ा है शास्त्री जी से, शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री थे और उन्हें मीटिंग के लिए कही जाना था। जब वह कपड़े पहन रहे थे तो उनका कुर्ता फटा था जिसपर परिजनों ने कहा आप नया कपड़ा क्यों नहीं ले लेते हैं। इस पर पलट कर शास्त्री ने कहा की मेरे देश के अब भी लाखों लोगो के तन पर कपड़े नहीं है, फटा हुआ तो क्या हुआ इसके ऊपर कोट पहन लूंगा, और फटा कपड़ा इस तरह कुछ दिन और काम में आ जायेगा।


ऐसे थे हमारे शास्त्री जी, आज के जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों के सुट लाखों में आते हैं इन्हे इससे फर्क नहीं पड़ता की देश के लाखों लोगो की वार्षिक आय भी नहीं होगी लाखों रुपये।

कथनी और करनी में समानता रखते थे शास्त्री जी,


बात सन 1965 का जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध चल रहा था और भारतीय सेना लाहौर के हवाई अड्डे पर हमला करने की सीमा के भीतर पहुंच गयी थी। घबराकर अमेरिका ने अपने नागरिकों को लाहौर से निकालने के लिए कुछ समय के लिए युद्ध विराम की अपील की उस समय हम अमेरिका की पीएल-480 स्कीम के तहत हासिल लाल गेहूं खाने को बाध्य थे हम भारतीय। अमेरिका के राष्ट्रपति ने शास्त्री जी को कहा कि अगर युद्ध नहीं रुका तो गेहूं का निर्यात बंद कर दिया जाएगा। उसके बाद अक्टूबर 1965 में दशहरे के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में शास्त्री जी ने देश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों से एक दिन का उपवास रखने की अपील की और साथ में खुद भी एक दिन उपवास का पालन करने का प्रण लिया। देश के सीमा के रक्षक जवान और देश के अंदर अन्नदाता के लिए जय जवान, जय किसान का नारा दिया।

10 जनवरी 1966 को ताशकंद में भारत के प्रधानमंत्री शास्त्री जी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच बातचीत करने का समय निर्धारित थी। लाल बहादुर शास्त्री और अयूब खान तय किये गये निर्धारित समय पर मिले। बातचीत काफी लंबी चली और दोनों देशों के बीच शांति समझौता भी हो गया। ऐसे में दोनों मुल्कों के शीर्ष नेताओं और प्रतिनिधि मंडल में शामिल अधिकारियों का खुश होना उचित था। लेकिन उस दिन की रात शास्त्री जी के लिए मौत बनकर आई। 10-11 जनवरी के रात में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की संदिग्ध परिस्थितों में मौत हुई। ताशकंद समझौते के कुछ घंटों बाद ही भारत के लिए सब कुछ बदल गया। विदेशी धरती पर संदिग्ध परिस्थितियों में भारतीय प्रधानमंत्री की मौत से सन्नाटा छा गया। शास्त्री जी की मौत के बाद तमाम सवाल खड़े हुए, उनकी मौत के पीछे साज़िश की बात भी कही जाती है, क्योंकि, शास्त्री जी की मौत के दो अहम गवाह उनके निजी चिकित्सक आर एन चुग और घरेलू सहायक राम नाथ की सड़क दुर्घटनाओं में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई तो यह रहस्य और गहरा हो गया।

देश के नागरिकों को चाहिए की शास्त्री जी के मौत की निष्पक्ष जांच की मांग करें सरकार से, यही शास्त्री जी के प्रति देश वासियों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।



# अनचाहे गर्भ से कानूनी छुटकारा,क्या बदलेगी तस्वीर



-प्रियंका सौरभ
हिसार
हरियाणा

प्रजनन अधिकारों पर एक महत्वपूर्ण फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित और एकल महिलाओं के लिए गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक सुरक्षित और कानूनी गर्भपात के अधिकार को बढ़ा दिया, यह कहते हुए कि हर महिला का अधिकार है कि वह बिना किसी हस्तक्षेप के प्रजनन विकल्प चुन सके। अब, देश में सभी महिलाएं, वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना, गर्भावस्था में 24 सप्ताह तक गर्भपात करा सकती हैं। एकल, अविवाहित महिलाओं को भी सुरक्षित और कानूनी गर्भपात का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर विवाहित महिला का गर्भ उसकी इच्छा के विरुद्ध है तो इसे बलात्कार की तरह देखते हुए उसे गर्भपात की अनुमति दी जानी चाहिए। शादी के बाद यदि महिला की मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंद्ध बनाया जाता है तो यह भी रेप की श्रेणी आएगा। यह अधिकार उन महिलाओं के लिए राहतकारी होगा, जो अनचाहे गर्भ को जारी रखने को विवश हैं।

क्या एक महिला को गर्भपात के अधिकार से महज इसलिए वंचित रखा जा सकता है क्योंकि वह अविवाहित है। देश की सर्वोच्च अदालत का मानना है कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। एक विवाहिता को भी अपने शरीर और अपने गर्भ को लेकर फैसला लेने का उतना ही अधिकार है जितना कि एक विवाहित महिला को होता है। दरअसल इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से बिल्कुल अलग दिखा है सुप्रीम कोर्ट का फैसला। इसी मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा था कि आप इस तरह बच्चे को क्यों मारना चाहती है? दुनिया में गोद लेने के लिए लोगों की लंबी कतार है फिर आखिर जरूरत क्या है ऐसा करने की।

हाईकोर्ट ने ये भी कहा था कि हम याचिकाकर्ता को बच्चा पालने के लिए मजबूर नहीं कर रहे। हम उसको वह सब सुविधाएं देंगे कि वह बच्चे को एक सुरक्षित तरीके से जन्म देने अस्पताल जाए और बिना अपनी पहचान बताएं अपने घर वापस आ जाये। आखिर कोर्ट ने ऐसी टिप्पणी क्यों की? दरअसल ये मामला दिल्ली हाईकोर्ट में 25 साल की एक लड़की का है। इसमें उसने याचिका की थी कि वह 23 सप्ताह और 5 दिन की प्रेगनेंसी को खत्म करना चाहती है।





लड़की ने कोर्ट में कहा कि वह आपसी सहमति से बने संबंधों के चलते प्रेग्नेंट हुई। लेकिन अब वह इस बच्चे को रखना नहीं चाहती क्योंकि उसके पार्टनर ने उससे शादी करने से मना कर दिया है। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि क्योंकि युवती के साथ धोखा हुआ है और युवती बच्चे के पालन पोषण के लिए आर्थिक सामाजिक रुप से ठीक नहीं है। ऐसे में युवती द्वारा बच्चों को पैदा करना उसके लिए एक मानसिक चोट जैसा होगा इसलिए युवती को मेडिकल प्रेगनेंसी एक्ट 2003 के तहत अबॉर्शन करवाने की अनुमति दी जाए। दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने यह कहते हुए इस अपील को दरकिनार कर दिया क्योंकि प्रेगनेंसी आपसी संबंधों के चलते हुई है और एबॉर्शन की मांग मेडिकल प्रेगनेंसी एक्ट 2003 के तहत नहीं आती। मगर साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि हम लड़की को बच्चे को पालने के लिए मजबूर नहीं कर रहे हैं। बच्चे को पालने के लिए आया खर्चा भारत सरकार या दिल्ली सरकार वहन करेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जज अपनी जेब से खुद पैसे भरेंगे। युवती ने एक अपील भी की थी कि अविवाहित महिलाओं के लिए मेडिकल टर्मिनेशन एक्ट 2003 में संशोधन किया जाए। साल 2021 में मेडिकल टर्मिनेशन बुलेट में संशोधन किया गया था और विवाहित महिलाओं के लिए एबॉर्शन समय समय बढ़ाकर 24 हफ्ते का कर दिया गया था। लेकिन यह सभी महिलाओं के लिए नहीं किया गया था। कुछ स्पेशल मामलों में किया गया था और इन स्पेशल केस में सहमति से बने संबंधों के फलस्वरूप हुए गर्भ को हटाने कास्थान नहीं दिया गया था। देश में अबॉर्शन पर पहला कानून 1971 में बना था इसे एमटीपी एक्ट 1971 के नाम से जाना जाता है। इसके बाद साल 2021 में एमटीपी एक्ट 1971 में संशोधन किया गया। संशोधन के बाद कानून में यह जगह बनी कि प्रेगनेंसी के पहले 20 हफ्ते की जगह 24 हफ्ते का गर्भपात करवाया जा सकता है। यह 4 हफ्ते का पीरियड स्पेशल केस में ही दिया गया। स्पेशल केस में रेप के द्वारा हुई प्रेगनेंसी या माइनर प्रेगनेंसी या मैरिटल स्टेटस बदलने के बाद भी प्रेगनेंसी जैसे विधवा या तालाक के मामले में रखा गया। लेकिन यह सब प्रावधान है एकल महिला के लिए नहीं किए गए और ना ही 26 हफ्ते की प्रेगनेंसी हटवाने की बात कही गई। यहां तक की रेप पीड़िता को भी 26 हफ्ते का अबॉर्शन करवाने की अनुमति नहीं दी गई। हाल ही में 17 साल की एक लड़की द्वारा जो रेप पीड़ित थी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई कि उसे 26 हफ्ते की प्रेगनेंसी को हटवाने की अनुमति दी जाए। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि वह इस लड़की को ऐसे में बच्चा पैदा करने कि नहीं कह सकते और उसे अबोर्ट करवाने की अनुमति दी गई।

हमारे देश में महिलाओं के लिए देश के कानून है कि वह बच्चा रखना चाहती है या नहीं लेकिन स्थिति अब भी बेहद बदसूरत है। आप भी जानते हैं वजह वही पुरानी है। भारत में अबॉर्शन को सबसे बड़ा टैबू माना जाता है। परिवार हो या अस्पताल हर जगह महिलाओं की अबॉर्शन के मामले में मोरल पुलिसिंग की जाती है और यही वजह है कि असुरक्षित अबॉर्शन के कारण देश में आये दिन हजारों महिलाओं की जान चली जाती है। भारत में, एक महिला को अपने पति, साथी या परिवार के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है यदि वह ÷स्वस्थ दिमाग÷ की वयस्क है और गर्भपात करवाना चाहती है। इसके बावजूद महिलाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। एक ऐसे समाज में जो अत्यधिक पितृसत्तात्मक है, महिलाओं को गर्भपात तक पहुंचना मुश्किल लगता है। स्वास्थ्य सेवा के लिए अक्सर महिलाओं से अपने पति, या परिवार के सदस्यों की अनुमति लेने के लिए कहते हैं, भले ही यह कानून द्वारा आवश्यक न हो। अक्सर, महिला की गोपनीयता और गोपनीयता की रक्षा नहीं की जाती है। यौनकर्मी, एचआईवी पॉजिटिव महिलाएं, आदिवासी महिलाएं, एकल महिलाएं और युवाओं के लिए गर्भपात तक पहुंचना और भी मुश्किल हो जाता है। और पहुंच की कमी असुरक्षित गर्भपात की ओर ले जाती है। नए कानून से शायद अब ऐसा न हो।

# राष्ट्रपिता के दिखाए मार्ग पर कितने लोग चल रहे हैं?



रवि सिंह
कटकोना
कोरिया (छत्तीसगढ़)

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर आज देश की राजनीति पर विचार आवश्यक है। आज सत्य अहिंसा का मार्ग प्रसस्त करने वाले राष्ट्रपिता के दिखाए मार्ग पर कितने लोग चल रहे हैं और कितने केवल दिखावा कर रहें हैं यह देखा जा सकता है। राजनीतिक जीवन जी रहे जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी निभा रहे लोग क्या राष्ट्रपिता के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं इस बात का जवाब खोजा जाएगा तो यह देखने को मिलेगा की ज्यादातर राजनीतिज्ञों का सत्य व अहिंसा से कोई लेना देना ही नहीं है वहीं राजनीति को आय का जरिया बनाकर ज्यादातर राजनीतिज्ञ राजनीति कर रहें हैं।



आजकल प्रायः देखा जा सकता है कि जब कहीं भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचित जनप्रतिनिधि जाते हैं उनके साथ अवैध कारोबार से जुड़े लोग जरूर साथ होते हैं और वही जनप्रतिनिधियों के सबसे खास होते हैं यह सामान्य सी बात हो गई है। जन सरोकारों से जनप्रतिनिधियों को कोई लेना देना रह गया हो ऐसा बिल्कुल नहीं लगता किस तरह योजनाओं को क्रियान्वित कराकर ज्यादा से ज्यादा आय स्वयं के लिए अर्जित कर ली जाए यही एकमात्र सेवा धेय रह गया है। अवैध कारोबार जो असत्य का मार्ग कहा जा सकता है उससे जुड़े लोग ही आज जनप्रतिनिधियों के पथप्रदर्शक हो गए हैं और उनके बिना जनप्रतिनिधियों का एक कदम भी चलना संभव नहीं है यह देखा जा सकता है। अवैध कारोबार और कारोबारियों के लिए जनप्रतिनिधियों का समर्पण भी इस कदर आत्मीयता से भरा होता है कि अवैध कारोबारियों के लिए कानून की शिथिलता हर स्थिति तक प्रदान हो सके यही जनप्रतिनिधियों का प्रयास रहता है। राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर क्या जनप्रतिनिधि संकल्प लेंगे की उनका मार्ग सत्य एवम अहिंसा से परिपूर्ण होगा यदि ऐसा संकल्प वह लेते हैं तभी राष्ट्रपिता द्वारा प्रसस्त मार्ग पर चलकर देश प्रगति पथ पर आगे बढ़ सकेगा वरना जैसा कि आजकल देखा जा रहा है कि अवैध कारोबार और कारोबारियों के सहारे ही राजनीति आगे बढ़ रही है और राजनीति में वही आगे बढ़ पा रहें हैं जिनके पास अवैध कारोबारियों की फौज है।

अब अवैध कारोबारियों की फौज आर्थिक रूप से मदद के लिए है यह बात समझा जा सकता है । जहां तक आम जनता की सुध लेने की बात रही तो जनप्रतिनिधि आम जनता की सुध तभी लेते हैं जब जनता के लिए उनके भलाई के लिए होने वाले कामो में जनप्रतिनिधियों को लाभ नजर आता है। निर्माण ही विकास है कि परिभाषा ही राजनीति रह गई है और निर्माण जनप्रतिनिधियों की आय। वेतन भत्तों से जनप्रतिनिधियों को सन्तुष्ट नहीं देखा जा रहा है अन्य आय की तलाश में ही राजनीति में लोगों का प्रवेश हो रहा है राजनीति आज एक व्यवसाय बनकर रह गया है यह कहना भी गलत नहीं होगा। आज सेवा भाव और विकास करने का संकल्प लेकर निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधि जनता के बीच तभी जाते हैं जब उनको दुबारा जनता से स्वयं के निर्वाचित किये जाने मंशा रहती है।

## नाम आ जाए



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

है बहुत जो समाज का हक़
अधिकार है खाये,
किसी के भी फटी में आ धमके
और टांग अड़ाए,
दुआ है कोई गद्दार तुम्हारे लिए
मुसीबत न बनें तुम्हारा काम आए,
तुम्हें मतलब नहीं रखने चाहिए
कि वो वतन के काम आए या रुलाए,
मान रहा हूं तुम हो
पढ़े पढ़ाए, सीखे सिखाये,
तुम्हारे बहादुर लोगों के कारण
देश आज
दो कौड़ी के सियासत पर उतर आए,
अपनी नजर में भले ही तुम
खुशहाली आबादी के प्रतीक हो,
पर समाज के लिए
किसी कोढ़ के मुफीद हो,
तो जाओ आरक्षण खात्मे के सूत
वाक्य से
खुद को आगे बढ़ाओ,
अपनों के अधिकार छीन
अपने को बिलियन डॉलर वाला
बनाओ।

## माँ,तुम ही मेरा आधार



सोनल सिंह सोनू
कोलिहापुरी,
छत्तीसगढ़

माँ जगदम्बे के चरणों में,
शीश झुकाये ये जग सारा।
आदिशक्ति माता भवानी,
भक्त लगाये जय जयकारा।
तुम हो बड़ी कृपालु माता,
याचक की सुनती हो पुकार।
झोली सबकी तुम भर देती,
आता है जो तुम्हरे द्वार।
तेरा रूप है जग से निराला,
नयनों को लगता है प्यारा।
तुम मेरा एकमात्र सहारा,
तुम बिन मेरा कौन आधारा।
संकट से माँ तू ही उबारे,
जीवन नैया तेरे हवाले।
शरणागत हम आये माता,
हे! जगजननी भाग्य विधाता।

## माँ कालरात्री



सोमेश देवांगन
गोपीबंद पारा
छत्तीसगढ़

मोर कालरात्री आवव माता, तोर
हावय अगोरा।
जुगनी बरत हावय,
हावय करिया रात के बेरा ।।
करिया करिया देह हे माता, सुघ्घर
तोला सोहे ।
गदहा मा बइठे तय
हर, माता जी मन ला मोहे ।।
त्रिनेत्र धारी माता मोर, रूप हावय
बढ़ विकराली ।
हाँथ धरे नर मुंड खड़ग
माँ, गरजन लागे काली।।
बगरे चुन्दी करिया घटा से, पहिरे
नर मुंडन के माला।
सांस से निकलय
मईया, भभकत अग्नि ज्वाला।।
भूत परेत दुश्मन मन भागे, नाम
सुने कालरात्री।
भक्तन के रक्षा करत माँ,
दिन अउ आधाराती।।
कालरात्री माँ नाम हावय तोर ,
एक शुंभकारी।
दर्शन तुंहर शुभ फल
देवय, माँ के करो जयकारी ।।

## ठंडी चली हवाएं



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

ठंडी चलीं हवाएं ,पड़ने लगी फुहार।
आ जाओ हमनवा के,है मौसमे बहार।
फ़लक पे हो गई हैं , काबिज ये घटाएं ,
गरज रही हैं ले के,बिजली की ये कटार।
धड़कन बुला रही है,आ जाओ भी करीब,
दिल भी मचल के देखो, होने लगा बेदार।
महकी हुई फिजाएं ,दिलकश हुआ समां
गुलों के गलीचों से सजने लगा गुलज़ार।
है रहगुज़र पे चितवन , तेरे इंतजार में,
आ गया है चांद भी,किरनों का लिये हार।


## कभी न होना तुम नाराज



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

कभी ना होना नाराज़
कि मेरी जान हो तुम
अभी नया है प्यार का साज़
कि मेरी जान हो तुम
खिली खिली रहा करो
ना मुरझाओ यूँ बेबात
हर दिन एक सा न होगा
चढ़ते-ढलते हैं हालात
हर रोज नई परवाज़
कि मेरी जान हो तुम
तुम तो तुम ही हो
तुम सा कोई ना देखा
तुम्हारे हाथों में पढ़ी
मैंने अपनी जीवन रेखा
दिल की है यही आवाज़
कि मेरी जान हो तुम
सागर सी ठहरी हो, कभी
नदियों सी चंचल तुम
ठिठका सा इक कदम
कहीं लहराता आंचल तुम
तुम्हारा भा गया अंदाज़
कि मेरी जान हो तुम
कभी ना होना नाराज़
कि मेरी जान हो तुम

## रुठ गये बदरा



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

रुठ गए बदरा दिन फुहारों में गुजरा।
फूल न थे,जीवन फकत खारों में गुजरा।
कभी कभी अपने गाँव की भी सुध लो,
मासूम बचपन,जिन गलियारों में गुजरा।
मिलने आना है, वो वादा कर के भूल गए,
अपना सारा वक्त चाँद सितारों में गुजरा।
हर लम्हा हम उस पल को ढूंढते रहे,
आया न पलट के,जो पल बहारों में गुजरा।
वो पल ही कुछ और था,जब तुम साथ थे,
सागर बेवजह ही वक्त हजारों में गुजरा।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में अम्बिकापुर नगर निगम ने लगातार छठी बार लहराया परचम,मिला बेस्ट सेल्फ सस्टनेबल सिटी अवार्ड

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** . नगर निमग अंबिकापुर को भारत सरकार द्वारा 5 स्टार शहर, बेस्ट सेल्फ सस्टनेबल सिटी अवार्ड एवं 1 लाख से 3 लाख जनसंख्या श्रेणी में देश में द्वितीय स्थान से पुरस्कृत किया गया। टॉप 100 नगरों में देश में 10वां, साथ ही स्वच्छता के अमृत महोत्सव अन्तर्गत 17 सितंबर 2022 को आयोजित इंडियन स्वच्छता लीग में अंबिकापुर की टीम को 1 से 3 लाख की जनसंख्या वाले नगरों में देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 कुल 7500 अंक का था, जिसमें 3000 अंक डॉक्यूमेंटेशन, डायरेक्ट ऑब्जर्वेशन, 2250 सर्टिफिकेशन, 2250 सिटीजन फीडबैक के लिए था। 2022 सर्वेक्षण में कचरे का कलेक्शन एवं निपटान के साथ वेस्ट रिडक्शन हेतु अंबिकापुर में कई नवाचार किए गए, प्लास्टिक से दाना, सीमेंट प्लांट हेतु आरडीएफ, दीदी बर्तन बैंक, नेकी की दीवार आदि का प्रयोग कर जनसहभागिता सुनिश्चित किया गया। इस सर्वेक्षण में अंबिकापुर द्वारा तरल अपशिष्ट प्रबंधन में नालियों के पानी के उपचार हेतु प्राकृतिक पद्धति का प्रयोग कर वाटर रिसाइकलिंग के क्षेत्र में कार्य किया। उपचारित जल का प्रयोग निर्माण कार्य एवं उद्यानों में किया जाता है। नगर के 36 सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का सौंदर्यीकरण सुविधा सुनिश्चित की गई, स्वच्छता श्रृंगार योजना के माध्यम से समूह की दीदियों को रोजगार के साथ शौचालय संचालन की व्यवस्था की गई, नगर से निकलने वाले मल प्रबंधन हेतु एफएसटीपी प्लांट संचालित किए जा रहा है। साथ ही नगर में 4 नवनिर्मित प्राइवेट कॉलोनियों में सीवरेज नेटवर्क और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बिल्डर द्वारा लगाया गया है। नगर के 3000 से ज्यादा परिवारों द्वारा होम कम्पोस्टिंग द्वारा गीले कचरे का घरों में निष्पादन किया जा रहा है। निगम द्वारा तैयार खाद का विक्रय कर आय अर्जन एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने में भी कार्य हो रहा है। नगर में निकलने वाले मलबे के प्रोसेसिंग कर विभिन उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। निकाय के जनप्रतिनिधि , अधिकारी,



कर्मचारी, स्वच्छता दीदियों, द्वारा जन सहयोग से अंबिकापुर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने के लिए कार्य किया गया है। निगम क्षेत्र में विभिन्न एनजीओ, धार्मिक संगठन आदि के सहयोग से नगर में स्वच्छता रैली, सफाई अभियान आयोजित कर नागरिक सहभागिता सुनिश्चित की गई। निगम द्वारा किए गए कार्य एवं नागरिक फीडबैक के आधार पर अंबिकापुर को भारत सरकार द्वारा 5 स्टार शहर, प्रेरक दौड़ प्रतियोगिता में गोल्ड अनुपम नगर एवं 1 लाख से 3 लाख जनसंख्या श्रेणी में देश में द्वितीय स्थान से पुरस्कृत किया गया। साथ ही दिनांक 17 सितंबर 2022 को आयोजित इंडियन स्वच्छता लीग में अंबिकापुर के मरीन ड्राइव से कंपनी बाजार तक स्वच्छता रैली और बाजार में सफाई अभियान में नगर के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, नागरिक, अधिकारीगण, मीडिया के साथी, महाविद्यालय, विद्यालय के छात्र छात्राएं, स्वच्छता दीदी एवं विभिन्न संगठन एवं समूह के लोग सक्रिय रूप से सहभागिता के साथ अभियान को सफल बनाया था। जिसके कारण भारत सरकार द्वारा लीग में अंबिकापुर को 1 से 3 लाख जनसंख्या के नगरों में देश में प्रथम पुरस्कार से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया । पुरस्कार आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई द्वारा ग्रहण किया गया।

वर्तमान परिदृश्य

वर्तमान में 18 एसएलआरएम केंद्रों में 470 दीदियां कार्यरत हैं। जो 48 वार्डों से डोर टू डोर कलेक्शन कर रहे हैं। प्रतिदिन 51 मीट्रिक टन कचरे को प्रोसेस कर कचरे के विक्रय से प्रतिमाह 9 से 10 लाख एवं यूजर चार्ज से 17 से 18 लाख कुल 26 से 28 लाख प्रतिमाह आय अर्जित की जा रही है। कचरे के विक्रय से 3 कुल 10 करोड़ रुपए से अधिक आय स्वच्छता समूह द्वारा किया गया है।

### लगातार छठे बार रहा अव्वल

1. अंबिकापुर नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 15वे स्थान में था ।
2. स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम, बेस्ट प्रैक्टिस इनोवेशन में देश में अव्वल एवं पूरे देश में 11वें स्थान में था।
3. स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में दूसरे स्थान में था। एवं 5 स्टार रेटिंग से पुरस्कृत किया गया था।
4. स्वच्छ सर्वेक्षण 2020, 1 लाख से 10 लाख के जनसंख्या के शहरों में अंबिकापुर अव्वल रहा।
5. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 1 से 3 लाख में प्रथम एवं देश में 5वां।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 1 से 3 लाख में द्वितीय एवं देश में 7वां।

### पुरस्कार ग्रहण के दौरान ये थे शामिल

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री द्वारा तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में राष्ट्रपति की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अंबिकापुर को भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पूरी द्वारा पुरस्कार की घोषणा की गई। भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री राज्य मंत्री कौशल किशोर बेस्ट सेल्फ सस्टनेबल सिटी अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। महापौर डॉक्टर अजय तिर्की, तत्कालीन आयुक्त विजय दयाराम व वर्तमान आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई, कार्यपालन अभियंता संतोष रवि एवं स्वच्छता दीदी शशिकला द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया।

## सूने मकान में चोरी,टीवी व अन्य सामान ले गए साथ

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** शहर के मायापुर में शुक्रवार की रात को सूने मकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में लगे टीवी, गैस चुल्हा, गैस टंकी, बर्तन पार कर दिया है। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। जानकारी के अर्जुन सोनकर शिवशंकरनगर घुटरापारा का रहने वाला है। इसका मायापुर में भी घर है। 30 सितंबर की रात को अर्जुन अपने पूरे परिवार के साथ घुटरापारा स्थित घर में था। रात करीब 12 बजे मायापुर निवासी एक व्यक्ति ने अर्जुन को फोन कर बताया कि आपके घर में कुछ लोग घुसे हैं। सूचना पर अर्जुन तत्काल पहुंचा तब तक चोर वारदात को अंजाम देकर निकल चुके थे। चोरों ने घर में लगे टीवी व गैस चुल्हा, गैस टंकी सहित अन्य सामान पार कर दिया है। कुल चोरी करीब 30 हजार रुपए की बताई जा रही है। अर्जुन ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं कोतवाली में पदस्थ एक एसआई के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की गई है। शहर के महादेव गली की है। हालांकि एसआई के घर से कुछ सामान चोरी नहीं हुई है। चोर केवल ताला ही तोड़ पाए थे। वहीं शहर के घुटरापारा निवासी उषा सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि 30 सितंबर की रात को में घर में अकेली थी। देर रात को घर के दरवाजे के पास बिजली मिटर को उखाड़ने की कोशिश की गई है। महिला घर में अकेली होने के कारण डर से वह बाहर नहीं निकली। वह शनिवार को कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में हुआ डांस प्रतियोगिता का आयोजन,प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** अंबिकापुर के मणिपुर, दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा मनाए जा रहे मां दुर्गा पूजा महोत्सव में लगातार हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलाकारों को अपनी कला प्रतिभा को साबित करने का मंच दे रहे हैं । गत दिवस सांस्कृतिक संध्या में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों का ऑडिशन हुआ । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभायोगियों ने दो चरणों में अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया , जिसमें जूनियर वर्ग सिंगल डांस में 82 प्रतिभागी शामिल हुए एवम् ग्रुप डांस में शमिल 20 ग्रुप के प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । निर्णायक की भूमिका निभा रहे अंजनी पांडेय, नावेद खान, प्राची जिंदल एवम् प्रभा अग्रवाल जी ने अपना निर्णय दिया और प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए सिंगल डांस में 25 एवम् ग्रुप डांस में 10 ग्रुप का चयन किया ।



आगामी 04 अक्टूबर तक ये प्रतियोगिता अलग अलग चरणों में जारी रहेगी ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत रहे, उन्होंने नवरात्रि व विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे ऐसे पावन आयोजन की सराहना की, और कहा कि ऐसे आयोजनों से कलाकरों को अपनी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का उचित अवसर मिलता है, वहीं लोगों को स्वस्थ्य मनोरंजन का आनंद प्राप्त होता है, इसलिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए । खाद्य मंत्री जी के साथ श्री संजय अंबस्ट, श्याम लाल जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, अलीम फिरदौसी, लक्ष्मी गुप्ता, आदर्श बंसल शामिल हुए । प्रतियोगीता में हज़ारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे एवम् आयोजित कार्यक्रम का वाह वाही के साथ झूमकर आनंद लिया ।

कार्यकम के सफल संचालन में संस्था अध्यक्ष श्री सूर्य प्रकाश साहू , कोषाध्यक्ष अभय साहू , सचिव पंकज चौधरी जी के साथ संस्था के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया ।

## बैठक में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस भूपेश सरकार को आदिवासी विरोधी सरकार घोषित किया गया

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश का बैठक में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस भूपेश सरकार को आदिवासी विरोधी सरकार घोषित किया गया। दिनांक 30 सितंबर को रायपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में छत्तीसगढ़ भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का आवश्यक बैठक किया गया, जिसमें 19 सितंबर को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की तरफ से आदिवासी समाज के बारे में ठीक प्रकार से तर्कसंगत साक्ष्य नहीं पेश करने के कारण छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज को 12त्न संवैधानिक एवं सरकारी लाभ सुविधा से वंचित किया गया जिसका पूरी तरह जिम्मेदार छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार है। जनजाति मोर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आदिवासी बहुल संभागों में संभाग मुख्यालय में आगामी 8 अक्टूबर को चक्का जाम करके जनजाति समाज को एकजुट करने का आह्वान किया गया है, छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल पर दबाव बनाते हुए हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए जमीनी स्तर पर गांव गांव में इस विषय को पहुंचाने की दृष्टि से सभी समाज को एकजुट करने का निर्णय लिया गया है, चक्का जाम मे जनजाति समाज के सभी जनप्रतिनिधि सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य जनपद के अध्यक्ष विधायक सांसद वर्तमान पूर्व सभी राजनीतिक दल के जनजाति नेताओं को समाज के हित में एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा, उपरोक्त जानकारी राम लखन सिंह पैकरा अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरगुजा संभाग के प्रभारी ने देते हुए बताया कि 8 तारीख को चक्का जाम को सफल बनाने की दृष्टि से पूरे संभाग स्तरीय बैठक 6 तारीख को अंबिकापुर में किया जाएगा।



## 21 ब्राह्मणों के शंखनाद के बाद निकाली जाएगी शोभायात्रा

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** हिन्दु युवा एक्ता मंच द्वारा विजया दशमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा 05 अक्टूबर को कलाकेन्द्र मैदान से निकाली जाएगी। इस वर्ष शांभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सुबह 7 बजे सुन्दरकांड व 21 ब्राह्मणों के समुह द्वारा शंकनाद के बाद शोभयात्रा प्रारंभ की जाएगी। इस वर्ष शोभायात्राा में विभिन्न झांकियां निकाली जाएगी। शोभायात्रा कलाकेन्द्र मैदान से शुरू होकर गांधी चौक, घड़ी चौक, महामाया चौक होते हुए समलाया मंदिर पहुंच कर मां समलाया के दर्शन उपरांत भस्म होली का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंचेगी। यहां बनारस से आए ब्राह्मणों के समूह द्वारा गंगा आरती के दर्ज पर महा आरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हिन्दु युवा एकता मंच ने शहरवासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## पीजी कॉलेज अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. उमेश पांडेय को मिला बेस्ट रिसर्च पेपर का अवार्ड

**सतत प्रयास से सफलता मिलती है, छात्र छात्राओं को शोध कार्य हेतु प्रेरित करते रहना चाहिएःडॉ. एस.एस. अग्रवाल, प्राचार्य**

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्याख्यानमाला 21 से 23 अगस्त आयोजित व्याख्यानमाला में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर से कंप्यूटर साइंस विषय से लगभग 45 विभिन्न शोधार्थी, प्राध्यापक व छात्र छात्राओं द्वारा प्रेषित संक्षेपिका में से कई लोगों के द्वारा शोध पत्र पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय व्याख्यानमाला में महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष चेतन कुमार पैकरा, जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक डॉ उमेश कुमार पांडेय, शशांक विश्वकर्मा, पूजा मिश्रा, प्रिया पाण्डेय और अनुभव श्रीवास्तव के द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया इनमे से डॉ. उमेश कुमार पांडेय के द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र जिसका विषय ÷सेकुरिंग सिस्टम्स बाई यूजिंग आधार एथेंटिकेशन÷ था जिसे व्याख्यानमाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय प्रो. अशोक सिंह जी, कुलपति संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा के हाथों उत्कृष्ट शोध पत्र सम्मान आदरणीय



कुलसचिव श्री विनोद एक्का जी उपस्थिति में प्रदान किया गया । अन्य महाविद्यालय के प्राध्यापकों को शोध पत्र प्रस्तुत करने का प्रमाण पत्र व्याख्यानमाला में प्राप्त हुवा । इस आयोजन का सफलतम संयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष श्री हरिशंकर प्रसाद टोंडे जी के द्वारा किया गया

इस आशय पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस. एस. अग्रवाल जी द्वारा यह कहा गया की वर्तमान समय में साइबर अपराध के मामले जिस अनुपात में बड़ रहे है उनसे रोकथाम में भी इस प्रकार के शोध कार्य अपनी सार्थकता रखते हैं, डॉक्टर उमेश पांडेय के द्वार प्रस्तुत माडल पुलिस प्रशासन के लिए अपराध रोकथाम में सहायक हो सकता है, व्याख्यानमाला में सहभागी समस्त प्राध्यापकों का उत्साहवर्धन किया और यह भी कहा की आप शोध कार्य के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करें । सभी के द्वारा यह प्रयास करना चाहिए की छात्र छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सेमिनार वर्कशॉप में शामिल होने के लिए प्रेरित करते रहें , यथासंभव क्लास रूम में भी समय अनुसार उन्हें संबंधित विषय वस्तु के आधार पर प्रस्तुत और लेखन के लिए प्रेरित करना चाहिए । इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉक्टर रिजवान उल्ला, श्री ब्रजेश मिश्र, डॉक्टर एस. के. श्रीवास्तव, डॉक्टर राजकमल मिश्र, डॉक्टर एस. एन. पांडेय, डॉक्टर आर पी सिंह, डॉक्टर आर. के. जयसवाल, डॉक्टर जय नारायण पांडेय, रश्मित कौर, डॉक्टर एम. के. मौर्या, श्री सुनील केरकेट्टा, संगीता पांडेय, मोनिका खेस, रानी चौरसिया, कृतिका सिन्हा, सुजीत विश्वकर्मा, सर्वेश पांडेय, विक्की शर्मा के साथ अन्य सभी ने भी बधाई व शुभकामनाए प्रेषित किया

डॉ उमेश कुमार पांडेय के द्वारा शोध पत्र के माध्यम से एक ऐसे वेब आधारित मॉडल की परिकल्पना, एलोरिथम एवं फ्रेमवर्क पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमे ÷आधार÷ से जुड़े सभी सार्वजनिक व निजी सुविधाओं को एक प्लेटफार्म पर रखा जा सकता है, इस प्लेटफार्म में यह ÷फेस रिकॉग्नाइजेशन÷ या मोबाइल नंबर, अन्य व्यक्तिगत जानकारी अथवा आधार नंबर में से किसी भी एक की उपस्थिति में कार्य करता है , इसमें कम्यूलेटिव एलगोरिथम कार्य करता है जिससे किसी व्यक्ति की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ली जाती है, इसमें किसी सर्विस रिक्वेस्ट होने पर किसी भी सैस्पेक्टेड पर्सन की सुविधाओं न केवल नियंत्रित किया जा सकता है बल्कि उनके लोकेशन को ट्रेप कर सकते है , यह वर्तमान समय की आवश्यकता व अपनी सार्थकता रखता है,



## अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित किया गया

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** आज़ वृद्धा आश्रम में अंतरराष्टीय वृद्धि दिवश पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री टेक चंद अग्रवाल अपर कलेक्टर, जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के सचिव कमल कांत सेन, श्री डी के राय समाज कल्याण विभाग, राधे कृष्णा गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी, सरपंच ठाकुर पुर हीरा सिंह, भगवानपुर खुर्द सरपंच कलावती देवी लाल बहादुर, श्री आर डी चौहान, श्री दीपक चक्रवर्ती, वृद्धा आश्रम के प्रबंधन श्री संजय ठाकुर, वृद्धा आश्रम में सभी पंचायतों के आये वृद्ध जनों को श्री फल व साल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया । अपर कलेक्टर साहब ने अपने विचार व्यक्त करके कहा कि सभी को वृद्ध जनों का आशिर्वाद लेना चाहिए उनकी सेवा करनी चाहिए उनको हमेशा देख रेख करनी चाहिए बुजुर्गो के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए विश्व में सभी सम्मानित वृद्ध जनों को मनाये जाने वाले अंतरराष्टीय वृद्धजन दिव सभी बुजुर्ग को स्वस्थ वा खुशहाल जीवन के लिए सुभकामना , कमल कांत सेन ने विचार व्यक्त करके कहा कि बुजुर्ग परिवार समाज के मूल स्तंभ, अनुभव का खजाना होते हैं उनकी खुशी , स्वस्थ और सम्मान का पूरा ख्याल रखना चाहिए। उसके उपरांत सभी सम्मानित वृद्ध जनों का खाने का वितरण किया गया।

## यज्ञ में भागवत कथा सुनने काफी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** राष्ट एवं सनातन को सुरक्षित रखने, जनकल्याणार्थ एवं विश्व शांति हेतु अंबिकापुर में नवम दिवसीय नवरात्र पर्व पर सहस्त्र चंडी महायज्ञ, श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं संत सम्मेलन परमहंस स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज गुरुदेव के सानिध्य में शनिवार को पांचवा दिन का आयोजन हुआ।

स्वामी हरिहरानंद ने यज्ञ के महत्व को बताया। 25 सितंबर से प्रारम्भ हुए इस भव्य आयोजन में प्रतिदिन प्रातः शिव रुद्राभिषेक, दैनिक प्रार्थना इसके उपरांत 8.30 बजे से 12.30 बजे तक यज्ञ व संत सम्मेलन इसके उपरांत कथा व्यास ब्रह्मचारी बृजेश शास्त्री प्रयागराज द्वारा दोपहर 2. 30 बजे से साईं 6.30 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ किया जा रहा है। यज्ञ स्थल पर सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। उक्त सभी आयोजन खरसिया रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने हो रहे हैं।

## अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूनामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आज

**अम्बिकापुर. ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 16 इंटर डिस्ट्रिक क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन अक्टूबर से किया जाना है। जिसके लिए सरगुजा क्रिकेट संघ की टीम के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 2 अक्टूबर को को प्रातः 10 बजे से गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में रखा गया है।अंडर 16 हेतु कट ऑफ डेट 1सितंबर 2007 से 31 अगस्त 2009 तक के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है उनका आधार कार्ड वह जन्म प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।जिन खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है उन्हें ट्रायल के पहले रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन हेतु विगत 6 वर्ष की मार्कशीट , आधार कार्ड , बर्थ सर्टिफिकेट इन सभी डॉक्यूमेंट की ओरीजनल कॉपी व 2 फोटो लाना अनिवार्य है रजिस्ट्रेशन हेतु रजिस्ट्रेशन व ट्रायल शुल्क 300 रुपए है। उक्त जानकारी सरगुजा क्रिकेट संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने दी है।

# स्वास्थ्य विभाग ने मनाया आयुष्मान पखवाड़ा

-संवाददाता-

**लखनपुर ,01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** गांधी जयंती के अवसर पर लखनपुर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 1 अक्टूबर दिन शनिवार को आयुष्मान पखवाड़ा मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक जागरूकता साइकिल रैली निकाल आयुष्मान कार्ड बनवाने लोगों को जागरूक किया गया। इस जागरूकता साइकिल रैली सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दरअसल डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के तहत बीपीएल परिवारों के लोगों को 5 लाख तक का इलाज तो वही एपीएल कार्ड धारकों को ₹50000 तक का इलाज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत चिन्हांकित बीमारियों के लिए 20 लाख तक के इलाज मुफ्त में किए जाते हैं। जिसकी जानकारी कई लोगों को नहीं है। लोगों तक इस योजना की सही जानकारी पहुंच सके इसको लेकर विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों सहित स्कूली छात्राओं ने



लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जागरूकता रैली निकालकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंच रैली का समापन किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव सहित अन्य अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंह देव ने संबोधित करते हुए कहा कि लखनपुर विकासखंड में 23 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयुष्मान पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लखनपुर विकासखंड में 67000 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 15 अक्टूबर तक विकासखंड में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, देव नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेंद्र गुप्ता, लियाकत अली, शशि पांडे, सत्येंद्र राय राम सुजान द्विवेदी मकसूद हुसैन, पार्षद अमित बारी, इ्द्दह्लश्च श्रीमती नागवंशी, डॉ आकाश गुप्ता, जितेश मिश्रा, वकील खान, सीडी पटेल, शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक शशिधर पांडे स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद शेयर बाजार की गिरावट थमी,सेंसेक्स 1,017 अंक चढ़ा



**मुंबई, 01 अक्टूबर 2022।** शेयर बाजारों में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद शुक्रवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़कर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। कुल मिलाकर मई से अबतक आरबीआई रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। इसी के साथ लगातार सात सत्रों की गिरावट के बाद वापसी करते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,016.96 अंक या 1.80 प्रतिशत उछलकर 57,426.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,312.67 अंक तक चढ़ गया था।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 276.25 अंक या 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,094.35 अंक पर बंद हुआ। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा, ''मौद्रिक नीति समिति द्वारा रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि उम्मीद के अनुरूप है।'' सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट्स, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''आरबीआई ने उम्मीद के अनुरूप ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। वैश्विक परिस्थिति, विश्व में आर्थिक मंदी और विभिन्न केंद्रीय बैंकों के आक्रामक रुख से उत्पन्न चिंताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती को देखते हुए यह वृद्धि की गई है।''

# कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुए सस्ते, सरकार ने की 25.5 रुपये की कटौती



**नयी दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** पिछले काफी समय से लगाताप पेट्रोल-डीजन और एलपीजी गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में आम इंसान पर मंहगाई की मार लगातार पड़ रही थी। जहां एक दिन पहले आरबीआई ने रेपो रेट बढ़ाई दूसरे दिन स्क्ल सिलेंडर की कीमत में कमी देखी गयी हैं। एक अक्टूबर को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों (स्क्ल क्क्द्धष्द्र) में नहीं बल्कि कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में हुई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमत में आयी कमी से आम इंसान को भा राहत मिलने के आसार हैं। जेट ईंधन (एटीएफ) के मूल्य में 4.5 फीसदी तक की गिरावट आयी और होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 किलोग्राम प्रति सिलेंडर 25.5 रुपये की कमी आयी। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं द्वारा मूल्य के संबंध में जारी एक अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 19 किग्रा. के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,885 रुपये से कम होकर 1,859.50 रुपये हो गयी है।

जून के बाद से वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में छठी बार कटौती की गयी है। बहरहाल, घरेलू रसोई गैस की दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ और घरेलू एलपीजी के 14.2 किग्रा. प्रति सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपये है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि इसका कारण यह है कि घरेलू रसोई गैस की कीमत लागत से पहले ही बहुत कम है। इसके साथ ही विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 4.5 प्रतिशत की मामूली कमी दर्ज की गयी है।

# सूरत में 'रिवर्स बैंक ऑफ इंडिया' के 25.80 करोड़ के जाली नोट जब्त



**सूरत, 01 अक्टूबर 2022।** गुजरात के सूरत जिले में एक एम्बुलेंस से पुलिस ने 25.8 करोड़ रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं, जिन पर 'रिवर्स बैंक ऑफ इंडिया' और 'फिल्म में इस्तेमाल के लिए' छपा हुआ है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि ये फर्जी नोट फिल्मों में इस्तेमाल के लिए मुंबई ले जाए जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक (सूरत ग्रामीण) हितेश जोयसर ने कहा कि पुलिस को सूचना मिली कि एक एंबुलेंस के जरिये जाली भारतीय मुद्रा की खेप कामरेज पुलिस थानाक्षेत्र से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इस सूचना के बाद स्थानीय पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक नाके पर वाहन को रोका और उसमें छह बैग में भरकर रखे गए 2000 रुपए के नोट मिले।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नोट पर 'रिवर्स बैंक ऑफ इंडिया' और 'फिल्म में इस्तेमाल के लिए' छपा था । उन्होंने कहा कि यह जांच करने के लिये एक दल गठित किया गया है कि क्या इन नोटों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश के तहत जाली मुद्रा माना जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एंबुलेंस चालक को हिरासत में लिया गया है और उसकी पहचान हितेश कोटाडिया के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। जोयसर ने कहा, ÷पुलिस ने भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और फॉरेंसिक साइंसेज लेबोरेटरी के अधिकारियों की मदद मांगी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या नोटों को जाली मुद्रा के रूप में गिना जा सकता है।÷

पुलिस अधिकारी ने कहा कि सूरत में जिस व्यक्ति से नोट की खेप ली गई, उसकी पहचान हो गई है और उससे पूछताछ की जाएगी। जोयसर ने कहा, ÷हम पूरी जांच करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह के नोट भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान न पहुंचाएं और लोगों के साथ धोखाधड़ी न हो।



## आयुष्मान योजना में अब निःशुल्क उपचार के सत्यापन के बाद ही होगा दावे का भुगतान

**देहरादून, 01 अक्टूबर 2022।** उत्तराखंड में अब लाभार्थी से निशुल्क इलाज का सत्यापन प्रमाण-पत्र लेने के बाद ही आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों के दावों का भुगतान किया जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि सत्यापन प्रमाणपत्र में उल्लेख होगा कि उपचार हेतु चिकित्सालय द्वारा कोई भी धनराशि नहीं ली गयी है तथा उसका उपचार पूर्णत निशुल्क किया गया है।

सत्यापन प्रपत्र में लाभार्थी यह भी प्रमाणित करेगा कि यह प्रपत्र उसके स्वयं या परिवार के सदस्य द्वारा ही भरा गया है न कि चिकित्सालय के किसी कर्मचारी द्वारा। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इस संबंध में सभी चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिए है।

प्राधिकरण के अनुसार प्रदेश में आयुष्मान योजना के चार वर्ष की अवधि में 5. 75 लाख से अधिक रोगियों का उपचार किया गया है। हालांकि, कुछ लाभार्थियों ने समय-समय पर यह शिकायत की कि चिकित्सालयों द्वारा पूरी तरह से निशुल्क उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया तथा उन्होंने लाभार्थी से धनराशि ली।

# ईडी ने 47.64 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टो करेंसी, टीथर पर लगाई रोक



**नयी दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 47.64 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टो करेंसी और टीथर पर रोक लगा दी है। ईडी ने एक बयान में बताया कि यह कार्रवाई मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन ई-नगेट्स से जुड़े धनशोधन के मामले में आमिर खान नाम के व्यक्ति और अन्य के खिलाफ की गई जांच से जुड़ी है। कोलकाता की एक अदालत में फेडरल बैंक ने खान और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी।

इसके आधार पर कोलकाता की पार्क स्ट्रीट पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत फरवरी, 2021 में प्राथमिकी दर्ज की थी और फिर ईडी ने धन शोधन की दृष्टि से जांच शुरू की। बयान में बताया गया कि खान ने जनता के साथ धोखाधड़ी के इरादे से 'ई-नगेट्स' नाम की मोबाइल गेमिंग ऐप्लिकेशन शुरू की थी। इसके बूते उसने बहुत सारा धन जुटा लिया था। ईडी की जांच में पता चला कि आरोपी इस धन को क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के जरिये इधर-उधर कर रहे थे। खान और उसके सहयोगियों के वजीरएक्स (क्रिप्टो एक्सचेंज) वॉलेट में 47.64 लाख रुपये के बराबर राशि जमा पाई गई जिसपर अब रोक लगा दी गई है।



## सेबी शारदा समूह की संपत्तियों की एक नवंबर को करेगा नीलामी

**नयी दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) शारदा समूह की 69 संपत्तियों की एक नवंबर को 30 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर नीलामी करेगा। बाजार नियामक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समूह ने जनता से गैरकानूनी योजनाओं के जरिये जो धन जुटाया था उसे वसूलने के लिए सेबी यह नीलामी करने जा रहा है। सेबी ने एक नोटिस में कहा कि नीलामी एक नवंबर, 2022 को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच होगी। जिन संपत्तियों को नीलामी में रखा जाएगा वे पश्चिम बंगाल में स्थित भूखंड हैं। इनके लिए 30 करोड़ रुपये का आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है। दरअसल कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जून में दिए आदेश में कहा था कि सेबी शारदा समूह की कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है।

# मॉर्निंग वॉक के बाद इन व्यंजनों का करें सेवन,आसान हैं इनकी रेसिपी



मॉर्निंग वॉक पर जाने से आप फिट और स्वस्थ रहते हैं, लेकिन दौड़ने के ठीक बाद शरीर को प्रोटीन और कार्ब्स के संतुलित मिश्रण के साथ फिर से भरना महत्वपूर्ण है। ये पोषक तत्व मांसपेशियों को नुकसान से बचाने और आपको ऊर्जावान बनाए रखने में काफी मदद कर सकते हैं। आइये हम आपको पांच ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन मॉर्निंग वॉक के बाद करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

### फ्रूट योगर्ट

सामग्रीः आधा कप ब्लूबेरी, आधा कप रसभरी, आध कप ग्रीक योगर्ट और एक चम्मच शहद। रेसिपीः सबसे पहले एक कटोरे में ग्रीक योगर्ट और शहद को डालकर अच्छे से मिलाएं और फिर इसमें सारी बेरीज मिलाएं। अब एक कटोरी फ्रूट योगर्ट का सेवन करें और बाकि मिश्रण को अन्य लोगों को परोस दें। ध्यान रखें कि इस फ्रूट योगर्ट को बनाते समय फ्रोजन बेरीज का इस्तेमाल नहीं करना है। इसके लिए हमेशा ताजी बेरीज समेत शुद्ध शहद ही लें।



### उबले अंडे, एवोकाडो और शकरकंद का मिश्रण

सामग्रीः एक शकरकंद, एक एवोकाडो, दो अंडे, नमक और मिर्च। रेसिपीः मध्यम आंच पर अंडे उबालें, फिर इन्हें छिलकर इन्हें बीच में से काटें। इसके बाद एवोकाडो और उबली शकरकंद को छीलकर काटें। कितना सेवन करें: मॉर्निंग वॉक के बाद रोजाना आधा शकरकंद, एक या दो अंडे और एक चौथाई एवोकाडो के मिश्रण पर नमक और मिर्च छिड़ककर इसका सेवन करें।

### नट बटर और बेरीज वाला ओपन सैंडविच

सामग्रीः व्हीट ब्रेड, आधा कप बेरीज जैसे ब्लूबेरी और स्ट्रॉबेरी, अखरोट का मक्खन। रेसिपीः सबसे पहले एक ब्रेड की स्लाइस पर एक बड़ी चम्मच अखरोट का मक्खन फैलाकर लगाएं और फिर इसके ऊपर अपनी पसंदीदा बेरीज के टुकड़े रखें। बस फिर यह तैयार है। कितना सेवन करें: ब्रेड के ज्यादा से ज्यादा दो स्लाइस, दो बड़ी चम्मच अखरोट का मक्खन और एक छोटी मुट्ठी बेरीज का सेवन करें।

### बादाम के मक्खन वाले बनाना पैनकेक

सामग्रीः आधा पका हुआ केला, एक अंडा, आधा कप गेहूं का आटा, एक छोटी चम्मच बेकिंग पाउडर, एक चौथाई कप दूध, एक चुटकी नमक और डेढ़ बड़ी चम्मच बादाम का मक्खन। रेसिपीः सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को मिलाएं। इसके बाद एक फ्राइंग पैन को कुकिंग स्प्रे से चिकना करके इस पर मिश्रण की एक-दो करछी डालें, फिर इसे गोल्डन ब्राउन होने तक सेंके। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इन पर मेपल सिरप डालें और खाएं।

### स्प्राउट्स सलाद

सामग्रीः आधा कप मूंग स्प्राउट्स, आधा कप उबले चने, आधा खीरा (कटा हुआ), थोड़े पालक के पत्ते, आधे नींबू का रस, नमक (स्वादानुसार), आधी छोटी चम्मच जीरा पाउडर, एक चौथाई छोटी चम्मच काली मिर्च का पाउडर। रेसिपीः सबसे पहले अंकुरित साबुत मूंग को स्टीम करके एक कटोरे में डालें, फिर इसमें चने, खीरा, पालक, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। अंत में स्प्राउट्स सलाद में भुनी हुई मूंगफली डालकर इसे खाएं।

# कॉफी पसंद करते हैं तो जरूर बनाएं कॉफी से बनी ये स्पेशल रेसिपी



कॉफी पीने के शौकीन अच्छी तरह समझते हैं कि कॉफी केवल एक ड्रिंक नही है। कॉफी के एक घूंट से ही बहुत लोगों का तनाव दूर हो जाता है। सुबह जल्दी उठने से लेकर काम की थकान को दूर करने के लिए लोग कॉफी पीना बेहद पसंद करते हैं। वैसे कॉफी को इतना पसंद किए जाने की वजह से ही इससे काफी सारी डिश तैयार की जाती है। जिसे सब पसंद करते हैं। अगर आप कॉफी लवर हैं और इंटरनेशनल कॉफी डे को सेलिब्रेट करना चाह रहे हैं तो इन पांच तरह की रेसिपी को ट्राई करें। कॉफी का मजा दोगुना हो जाएगा।

### फैपी

कोल्ड कॉफी तो आपने कई बार पी होगी। लेकिन इस बार घर में बनाएं फैपी। ढेर सारे झाग के साथ बनीं ठंडी-ठंडी इस कोल्ड ड्रिंक को बनाना कुछ मुश्किल नही है। बस इसके लिए जरूरत है इंस्टेंट कॉफी, ठंडा पानी, चीनी और दूध। दूध में चीनी और कॉफी को मिक्स करके अच्छी तरह से ब्लेंड करें। जितना ज्यादा इसे ब्लेंड करेंगे, उतना ही कॉफी में झाग बनेगा। और बस तैयार है फेपी, घर बैठे टेस्टी फैपी का लुत्फ उठाईए।

### चॉकलेट कॉफी ट्रफल

कॉफी केवल पीने के काम ही नहीं आती बल्कि इससे काफी सारी डिश तैयार की जाती है। खासतौर पर चॉकलेट के साथ कॉफी के कॉम्बिनेशन को बहुत लोग पसंद करते हैं। चॉकलेट ट्रफल केक में कॉफी का फ्लेवर चॉकलेट के एक्स्ट्रा स्वीट फ्लेवर को बैलेंस करता है। जिसे कॉफी पसंद करने वाले हमेशा पसंद करते हैं। तो इस चॉकलेट ट्रफल केक को कॉफी के हिंट के साथ आप भी घर में तैयार कर सकती हैं।

### डेलगोना कॉफी

डेलगोना कॉफी का नाम तो लॉकडाउन में जमकर ट्रेंड हुआ था। शायद ही कोई बचा हो जिसने डेलगोना कॉफी को बनाकर ट्राई ना किया हो। चीनी और कॉफी को फेंट कर गर्म दूध या फिर ठंडे दूध के ऊपर डालकर डैलगोना कॉफी तैयार की जाती है। डैलगोना कॉफी का नाम साउथ कोरिया की टॉफी के नाम पर पड़ा। जिसका नाम डैलगोना ही है।

### फिल्टर कॉफी

कॉफी की सारी रेसिपी हॉट कॉफी के बिना अधूरी ही है। फिल्टर कॉफी का स्वाद कॉफी पसंद करने वालों के बीच हिट रहता है। तो इंटरनेशनल कॉफी डे को सेलिब्रेट करना है फिल्टर कॉफी जरूर बनाएं।

# सिर्फ विज्ञापन देखकर न खरीदें शैंपू,इन बातों का रखें खास ध्यान



कई लोग केवल विज्ञापन देखकर शैंपू खरीद लेते हैं, लेकिन ऐसा करना सही नहीं है। आजकल बाजार में कई तरह के शैंपू उपलब्ध हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि हर तरह का शैंपू आपके इस्तेमाल के लिए सही हो। इसलिए जब भी शैंपू खरीदने जाएं तो कुछ बातों का खास ध्यान रखें ताकि उसके इस्तेमाल से आपके बालों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। आइये जानते हैं कि शैंपू खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बालों के प्रकार पर ध्यान देना है जरूरी**

हर किसी के बाल अलग-अलग प्रकार और बनावट के होते हैं और हर शैंपू आपके बालों के प्रकार के लिए उपयुक्त नहीं होता है। हमेशा अपने बालों के प्रकार के अनुसार ही शैंपू चुनें। रूखे बालों वाले लोग मॉइश्चराइजिंग शैंपू का इस्तेमाल करें, जबकि तैलीय प्रकार के बालों वाले लोग सल्फेट और सैलिसिलिक एसिड युक्त शैंपू खरीदें। हल्के बालों के लिए नॉन-क्रीमी शैंपू, घुंघराले बालों के लिए हाई प्रोटीन शैंपू और कलर वाले बालों के लिए कलर-सेफ शैंपू चुनें।

**अपनी जरूरत को समझें**

आजकल बाजार में बालों से जुड़ी हर एक समस्या के हिसाब से शैंपू उपलब्ध हैं और यह सिर्फ आपके ऊपर निर्भर करता है कि समस्याओं का निवारण करते हुए कौनसा शैंपू आपके बालों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रख सकता है। जैसे- डैंड्रफ से राहत दिलाने वाले एंटी-डैंड्रफ शैंपू और अगर आपके बाल ज्यादा टूटते हैं तो इसके लिए एंटी-हेयरफॉल शैंपू लेना चाहिए। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपनी जरूरत से हिसाब से ही शैंपू खरीदें।

**आपके शैंपू में नहीं होनी चाहिए ये सामग्रियां**

शैंपू खरीदने से पहले उसमें शामिल सामग्रियों को चेक करना जरूरी है। कई शैंपू बहुत ही हानिकारक रसायन से बने होते हैं और उनके इस्तेमाल से स्कैल्प पर जलन और खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हमेशा ऐसे शैंपू खरीदने चाहिए, जिसमें अल्कोहल, मिनरल ऑयल, सल्फेट, सोडियम क्लोराइड, फॉर्मलडिहाइड, प्रोपलीन ग्लाइकोल, आर्टिफिशियल रंग समेत आर्टिफिशियल सुगंध शामिल न हो। ये सामग्रियां स्कैल्प और बालों को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकती हैं।

**अच्छी रिसर्च के बाद करें शैंपू का चुनाव**

अगर आप किसी शैंपू की खरीदारी के लिए स्टोर पर जाने वाले हैं तो इससे पहले उस शैंपू के बारे में अच्छी तरह ऑनलाइन रिसर्च कर लें और उससे जुड़े कुछ रिव्यू पढ़ लें। इससे आपको दूसरों का अनुभव का पता चल जाएगा और आप शैंपू खरीदने के दौरान सही फैसला ले पाएंगे। इसके अलावा, बेहतर होगा कि आप ऑनलाइन शैंपू खरीदने से बचें।

**एक्सपायरी डेट करें चेक**

शैंपू या फिर कोई अन्य हेयर केयर प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट को चेक करना जरूरी है। शैंपू सिर के साथ-साथ चेहरे और आंखों के संपर्क में भी आ जाता है। ऐसे में यह बहुत जरूरी हो जाता है कि आप एक्सरपायरी डेट चेक किए बिना इसे न खरीदें। एक्सरपायर शैंपू को लगाने से कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। इस तरह जिस शैंपू की एक्सपायरी डेट 7-8 महीने बाद हो, केवल उसे ही खरीदें।

# आदिवासी घोर विरोधी है छत्तीसगढ़ राज्य की कांग्रेस सरकार:मरकाम



-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य में आरक्षण को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने बताया कि विगत वर्ष 2011, 2012 को राज्य में आदिवासी आरक्षण कि घोर विसंगति को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी संस्थापक गोंडवाना रत्न स्व. दादा हीरा सिंह मरकाम द्वारा बहुत बड़ा व्यापक रूप राज्य स्तरीय जन आंदोलन छत्तीसगढ़ राज्य कि राजधानी रायपुर में आंदोलन किया गया, जिसमें पूर्ववर्तीय भारतीय जनता पार्टी शासन काल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में आदिवासियों कि संवैधानिक मांगो को दबाने की नियत से गोंगपा सुप्रीमो दादा हीरा सिंह मरकाम सहित लगभग 50 हजार आंदोलनकारी आदिवासियों गिरफ्तार किया गया था और पूर्ववर्तीय रमन सरकार कि दमन कारी नीति से दादा मरकाम को 3 से 4 दिनों तक रायपुर सेंट्रल जेल में बंद किया गया था, साथ में हजारों लोग को बंदी बनाया गया था, किंतु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सजग सिपाहियों द्वारा सरकार के दमन पूर्वक नीति का मुंह तोड़ जवाब देते हुए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश राज्य सहित अन्य प्रदेश में जेल भरो आंदोलन किया गया जिसमें और पूर्ववर्तीय भारतीय जनता पार्टी के रमन सरकार को घुटने टेकने मजबूर होना पड़ा और सरकार को सभी आंदोलनकारियों को निःशर्त रिहाई किया गया साथ ही स्व. दादा मरकाम जी ने कहा था कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी, कि न्याय संगत जनहित मांग पर बृहद जनआंदोलन से पूर्व भाजपा सरकार को घुटना टेकना पड़ा और राज्य के आदिवासियों को 32 प्रतिशत आरक्षण मिला था, किंतु वर्तमान कांग्रेस कि भूपेश बघेल सरकार में 27 विधायक आदिवासी आरक्षित सीट से निर्वाचित होकर विधान सभा सदन में पहूंचने के बाद भी राज्य में आदिवासी विरोधी नीति के कारण 58 प्रतिशत आरक्षण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा असैंवधानिक करार दिए जाने के बाद भी आदिवासी कांग्रेस विधायक और भाजपा विधायकों और साथ में आदिवासी सांसदों का चुप्पी साधना समझ से परे है, इन्हे नैतिकता के आधार पर सार्वजनिक तौर से माफी मांगते हुए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस तरह से चुप्पी साधे रहने से कांग्रेस और भाजपा कि आदिवासी हितैसी होने का झूठे दावे किए जाने कि कथनी और करनी दोनों स्पष्ट है। हमारे देश में विभिन्न राज्यों में माननीय उच्चतम न्यायालय के विशेष परिस्थितियों में आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा दिए जाने का न्याय दृष्टांत के अनुसार प्रमुखता से आरक्षण दिया जा रहा है, किंतु राज्य में 58 प्रतिशत आरक्षण को असैंवधानिक है तो एसटी का आरक्षण कम करके एससी का 4 प्रतिशत कि वृद्धि नहीं किया जाना चाहिए इस पर छत्तीसगढ़ राज्य महाधिवक्ता द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क संगत बहस नहीं साथ ही जनगणना वर्ष 2011 के जनसंख्या अनुसार न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया जाना छत्तीसगढ़ सरकार व महाधिवक्ता कि आदिवासी विरोधी नीति को स्पष्ट दर्शाता है। छत्तीसगढ़ राज्य कि भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार कि आदिवासी विरोधी नीति से पूरे आसिवासी समुदाय उपेक्षित और अक्रोसित है, जिसका गोंडवाना गणतंत्र पार्टी घोर निन्दा करता है और शीघ्र ही राज्य स्तरीय जन आंदोलन किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों की ली अपराध समीक्षा बैठक

**» महिला सुरक्षा व विजिबल पुलिसिंग पर दिया जोर।**

**»सक्रिय पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बनाए रखने के निर्देश।**

**» आपराधिक मामलों में आरोपियों की फौरन हो गिरफ्तारी।**

-संवाददाता-

**सूरजपुर, 01अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

जिले में विजिबल पुलिसिंग, महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्य, नवरात्रि-दशहरा पर्व के मद्देनजर सक्रियता के साथ पेट्रोलिंग, दुरूस्त यातायात व्यवस्था, लंबित अपराध, शिकायतों का तेजी से निराकरण कराने, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, लंबित मामलों का जल्द निराकरण करने, फरियादियों की समस्याएं संवेदना पूर्वक सुनने कहा। थाना के कार्यो को बेहतर रूप से संचालित नहीं करने वाले प्रभारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए चेताया। यह निर्देश पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने शनिवार, 01 अक्टूबर को जिला पुलिस कार्यालय सभागार में अपराधों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। वे सख्त तेवर में नजर आए और हर हाल में बेहतर पुलिसिंग व अच्छी कार्यवाही के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया।



अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को कहा कि जिले में विजिबल पुलिसिंग के तहत संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी दिखनी चाहिए, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए, अपराधिक घटना की सूचना पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को फौरन गिरफ्तार करें, अवैध कारोबार को पनपने न दे, क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखे और इसके लिए जरूरी कदम उठाए, सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए बड़े-छोटे वाहनों में आगे और पीछे रेडियम लगाने के लिए वाहन मालिकों को निर्देश करने कहा। पीड़ित क्षतिपूर्ति के तहत राहत प्रकरण तैयार कर शीघ्र भेजने, लंबित अपराधों को जल्द से जल्द निराकरण करने, लंबित शिकायत, चिटफंड मामलों में विशेष रुचि लेकर निराकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सायबर से संबंधित मामलों में सतकर्ता बरतने तथा थाना क्षेत्र के लोगों को सतर्क रखने एवं गुम बालक बालिकाओं के प्रकरणों में तत्काल टीम गठित कर खोजबीन करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

*विजिबल पुलिसिंग पर रहेगा जोर।* पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने विजिबल पुलिसिंग पर जोर देते हुए प्रभारियों को कहा कि बेटियों को सशक्त और सुरक्षित करने के लिए व्यापक रूप से हमर बेटी-हमर मान का आयोजन कर बच्चों के लिए निडर वातावरण, उन्हें अपराधों से बचने के उपाय बताए, कुछ होने पर पुलिस को आसानी से सम्पर्क करने प्रेरित करें, स्कूल-कालेजों में संवेदनशीलता के साथ पेट्रोलिंग कराए साथ ही महिला संबंधी अपराधों की विवेचना प्राथमिकता के आधार पर महिला विवेचकों से ही करवाए और यह सुनिश्चित करें कि अपराधों की विवेचना निर्धारित समय में पूरी होकर चालान पेश हो जाए। महिला सुरक्षा के लिए बने अभिव्यक्ति ऐप उपयोगिता के बारे में महिलाओं-छात्राओं को बताए और उसे अधिक से अधिक डाउनलोड कराए।

*सक्रिय पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी के निर्देश।* पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवरात्र व दशहरा पर्व में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक आदि की सहभागिता होती है जिसे दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। थाना-चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के दुर्गा पण्डालों, विभिन्न आयोजनों के साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बनाए रखे तथा सतर्कता के साथ पेट्रोलिंग कर संदिग्धों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए।

# गजराज के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**शाम होते ही खाली करनी पड़ रही बस्ती**

-संवाददाता-

**उदयपुर , 01अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

11 हाथियों का दल विगत 20 सितंबर से वन परिक्षेत्र उदयपुर के विभिन्न गांव में उत्पात मचाए हुए हैं वन अमला द्वारा इसकी सतत निगरानी के बावजूद भी फसल एवं घरों की क्षति को नहीं रोका जा सका है ।



वन विभाग की सतर्कता की वजह से अभी तक जनहानि से बचा गया है यह भी एक बड़ी उपलब्धि है।

बिती रात ग्राम रामनगर बेवरापारा पंडो बस्ती मे हाथियों के दल द्वारा जवाहिर पंडो , रंग लाल पंडो , अर्जुन पंडो के घर को बुरी तरह नुकसान किया गया है ।

घर मे रखे सामानों का भी काफी नुकसान हुआ है । घर मे इनके पास खाने के लिए एक मुट्ठी चावल तक नही बचा।

हाथियों ने घर में रखे बर्तन , कपड़े, सामानों तथा मुर्गियों को भी रौद दिये है । इसे फोटो विडियो मे स्पष्ट देखा जा सकता है।

हाथियों ने मानकुंवर पंडो के बाड़ी व बाउंड्री को नुकसान पहुंचाया गया है । क्षेत्र के दर्जनों किसानों के फसल को नुकसान पहुंचा है ।

हाथियों के आगमन की सूचना पर रात में उक्त बस्ती के लोगो को आनन फानन मे दूसरे मोहल्ला मे शिफ्ट कराया गया था।

इसी बीच जीतन पंडो परिवार सहित गहरे नींद मे सो रहे थे काफी मशक्कत के बाद भी उक्त परिवार को घर से नही निकाल पाए घर के चारो तरफ हाथियों का झुंड भ्रमण करते रहे खिड़की को भी शुंड से बंद कर दिये चुकी उक्त परिवार का नसीब बहुत ही तगड़ा रहा की हाथियों ने इनके घर व परिवार को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया। गांव वालों एवं वन विभाग की टीम यहाँ से जोकडबरा पारा की ओर निकल गया इस तरह पूरे रात भर फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण जन रात रतजगा करते रहे , मकान क्षति हुए परिवार के समस्या को देखते हुए तत्कालीन व्यवस्था में पंचायत द्वारा राशन इत्यादि का सहयोग किया गया है।

ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से निवेदन किया है की इस विषय पर गहन चिंतन करते हुए क्षेत्र के लोगो की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

क्षेत्र के सभी ग्रामीण जनों को सावधान, सुरक्षित और सतर्क रहने ग्राम पंचायत रामनगर के सरपंच श्रीमती ललिता रोहित टेकाम ने अपील की है।

# मदरसा छात्रा मौत मामले में प्रबंधन आया सामने,गिरफ्तार मौलानाओं को बताया निर्दोष

**मृतका के पिता पर ही प्रताड़ना का आरोप,एसपी को ज्ञापन**

-संवाददाता-

**सूरजपुर, 01अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

भवराही मदरसा के छात्रा की मौत के मामले में प्रबंधन ने एसपी को एक ज्ञापन देकर मामले में गिरफ्तार शिक्षको को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रबंधन ने मृतका पर भी गम्भीर आरोप लगाए है। ख्याल रहे भैयाथान ब्लॉक के ग्राम भवराही के मदरसे में मजहबी तालीम हासिल करने वाली 15 वर्षीय छात्रा ने हास्टल के कमरे में फांसी लगा लेने के मामले में मृतका के पिता ने मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाया है।मृतका के पिता के अनुसार दो दिन पहले बच्ची ने फोन पर प्रताड़ना की बात बताई थी।इस बिना पर पुलिस ने धारा 306 व 34 का जुर्म दर्ज कर मदरसे



के दो शिक्षको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस कार्रवाई के बाद जामिया गुलशने फातिमा मदरसा के संस्थापक सूफी अब्दुल रहमान ने एसपी को दिए एक लिखित आवेदन में कहा है कि गिरफ्तार दोनों शिक्षक निर्दोष है।उनकी कोई गलती नही है पुलिस दबाव में इस तरह की कार्रवाई की है।उन्होंने मृतका के पिता यहां तक मृतका पर भी गम्भीर आरोप लगाए है।उन्होंने पत्र में कहा है कि लड़की मदरसा में नही पढ़ना चाहती थी और पिता को बार बार यहां से ले जाने को कह रही थी पर वे ले जाना नही चाहते थे।उन्होंने तो पिता के प्रताड़ना से ही मौत को गले लगाने का उल्टा आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है साथ ही आरोपी बनाए गए मो शरीफ व मो ताहिर को छोड़ने की मांग की है।

# पत्नी का हत्यारा पति हुआ गिरफ्तार

-संवाददाता-

**सूरजपुर, 01अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

दिनांक 30.09.22 को झिलमिली थाना क्षेत्र के ग्राम भाड़ी निवासी लालमन ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि उसकी बहन कुलमेत का शव संदिग्ध अवस्था में ग्राम भाड़ी के जर्जर स्कूल के पास मिला है सूचना पर मौके पर थाना झिलमिली पुलिस टीम पहुंची, शव संदिग्ध अवस्था में होने से एफएसएल टीम अम्बिकापुर को घटनास्थल बुलाया गया। एफएसएल अधिकारी की उपस्थिति में घटनास्थल निरीक्षण एवं शव पंचनामा की गई। शव निरीक्षण, गवाहों के कथन से एवं घटना प्रथम दृष्टता हत्या प्रतीत होने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना झिलमिली में अपराध क्रमांक 120/22 धारा 302, 201 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली पुलिस के द्वारा द्वारा मृतिका के पति विनोद बरगाह जो विगत दो-तीन दिनों से गांव से गायब था जिसे तलब कर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने अपनी पत्नी कुलमेत की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी के द्वारा उसे छोड़ देने की बात कहती थी जिससे क्षुब्ध होकर ग्राम भाड़ी स्थित खेत के पास पत्थर से सिर में मारकर पत्नी की हत्या कर दिया और शव को वहीं के स्कूल के पास ले जाकर छुपा दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर जप्त कर आरोपी विनोद बरगाह पिता शिवप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अवराडुग्गू, थाना विश्रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेंद्र सिंह, एसआई हिम्मत सिंह शेखावत, एएसआई पास्कल लकड़ा, प्रधान आरक्षक अल्बिनुस तिर्की, महेन्द्र यादव, सुशील तिवारी, आरक्षक भीमेश आर्मो, राकेश सिंह, चन्द्रदेव मरावी, नोबील लकड़ा, अवधेश पैकरा, अचल गुप्ता, रामदयाल राठिया, झूमुक सिदार, दिनेश ठाकुर, सैनिक अनिल विश्वकर्मा व राकेश सोनी सक्रिय रहे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज करेंगे रीपा का शिलान्यास

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 01 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार 2 अक्टूबर 2022 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का शिलान्यास करेंगे। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। समारोह दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे करेंगे तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव श्री विनोद सेवन लाल चंद्राकर, लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिला सहकारिता एवं उद्योग समिति की अध्यक्ष श्रीमती राधा रवि एवं जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।





**स्व. रामसाय राम स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता के फाईनल मैच में शामिल हुये पुर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम**

-उपेश सिन्हा-

**कुसमी, 01अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**

नगर पंचायत कुसमी के हाईस्कुल स्टेडियम मैदान में 14 सितम्बर से आयोजित स्व रामसाय राम स्मृति फुटबाल नाकआउट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला आज शनिवार 01 अक्टुबर को सम्पन हुया,प्रतियोगिता के मुख्यअतिथि के रुप में पुर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम रहे, फाईनल मुकाबला ग्राम देवरी और मदगुरी के टीम के बीच में हुया जहाँ मदगुरी की टीम नें विजय हाशिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया वही देवरी की टीम उपविजेता रही,दरसल इस फुटबाल प्रतियोगिता का प्रयोजक जिला पंचायत सदस्य हिरामुनी निंकुज व उनके पति इंद्रदेव निकुंज कुसमी इंडियन के कार्यकर्ता रहे , कुल 48 टीमो भाग लिया था,वही कार्यक्रम में पहुचे रामविचार नेताम ने खिलाडीयो का उत्साह वर्धन करते हुये कहा की दोनो टीमो के खिलाडीयो नें खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुये 01-01 गोल से बारबरी में रहे लेकिन पेनाल्टी शुटआउट के जरिये मदगुरी की टीम नें जीत दर्ज किया,वही आपको बता दे की बलरामपुर जिले के ग्रामीण अंचलो में फुटबाल खेल काफी लोकप्रीय है जबसे फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुया था, तब से मैच देखने काफी संख्या में दर्शक आते रहे ,वही आज के फाईनल मुकाबले में भी काफी संख्या में दर्शक गांव -गांव मैच देखने कुसमी हाईस्कुल मैदान में पहुचे,फाईनल मैच के विजेता टीम को 21 हजार रुपये के साथ सील्ड मैडल वही उपविजेता की टीम को 11 हजार रुपये सील्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष उद्धेश्वरी पैकरा, पुर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव पुर्व जिला पंचायत सदस्य धिरज सिंह देव,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भरतसेन सिंह मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल,मंडल उपाध्यक्ष अशोक सोनी शंकरगढ भाजपा मंडल दिनेश पैकरा आशीष केशरी,आनंद जायसवाल,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकेश साहू ,सोमनाथ भगत,बंसती भगत,करमचंद मुंडा, विजय भगत, रोशन एक्का ,बालेश्वर नायक ,कुसमी इंडियन से प्रदीप मंडल अश्वीन खेस,उमेश गुप्ता संदीप मिंज,कृष्ण मुरारी सोनी ,नईम खान ,धरमजीत के साथ काफी संख्या दर्शक शामिल हुये।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में बढ़ी सुविधाएं

**अब कई प्रकार की जांच सुविधाओं के साथ बेहतर इलाज की व्यवस्था**

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में लगातार बढ़ रही सुविधाओ का ग्रामीणों को बेहतर लाभ मिल रहा है, एक ओर जहां क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सजग हैं वही सोनहत बी एम ओ डॉ श्रेष्ठ मिश्रा के निर्देशन में लगातार बेहतर सुविधाएं मुहैया हो रही हैं, बीते दिनों केशगवा के युवा दीप कुमार दुबे को सीने में दर्द हार्ट अटेक के लक्षण आने पर तत्काल सोनहत अस्पताल लाया गया जहां समय रहते ई सी जी करके तत्काल उपचार किया गया और रायपुर रिफर किया गया, जहां रायपुर के चिकित्सक ने भी समय रहते सोनहत में बेहतर इलाज किये जाने की तारीफ की । डॉ मिश्रा द्वारा इस केस में किये गए इलाज की ग्रामीणो ने भी जम कर सराहना की।





### पहली बार चढ़ाया गया ब्लड

यू तो सोनहत अस्पताल में कभी ब्लड नही चढ़ाया गया पर विशेष पिछड़ी जनजाति की महिला को विशेष आवश्यकता होने पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक से ब्लड मंगवाकर सोनहत अस्पताल में चढ़ाया गया। अस्पताल में बेहतर इलाज के साथ साफ सफाई की भी पहले से बेहतर व्यस्था होने से मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य लाभ लगातार मिल रहा है ।

### अब कई प्रकार की जांच सुविधा

सोनहत बी एम ओ डॉ श्रेष्ठ मिश्रा ने लगातार प्रयास कर सोनहत में कई प्रकार की जांच सुविधाओ को शुरू कराया है जिसमे लिपिड प्रोफ़ाइल कोलेस्ट्रॉल, क्रिएटिनिन और इसीजी के अलावा अन्य कई प्रकार की जांच सुविधाएं शामिल है, पहले इन सब जांच के लिए मरीजो को बैकुण्ठपुर एवं अन्यत्र शहरों का रुख करना पड़ता था लेकिन सोनहत में ही इन सब सुविधाओ का विस्तार होने से ग्रामीणों को इसका लाभ मिल रहा है।



# कानूनी अधिकारों और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिलास्तरीय सम्मान समारोह में वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संसदीय सचिव तथा बैकुण्ठपुर विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर आमाखेरवा नेत्रहीन विद्यालय से आए दिव्यांग बालकों ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। ततपश्चात वृद्धजनों को तिलक रोली लगाकर पुष्पमाला पहनाया गया एवं शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा जरूरतमंदों को छड़ी भी उपलब्ध करायी गई। इस दौरान मौजूद वरिष्ठजनों को कानूनी अधिकारों तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजना, सियान जतन क्लिनिक योजना, खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वरिष्ठजनों के लिए अलग से डेडिकेटेड रूम की व्यवस्था होगी। यहां पुस्तकों, खेल सामग्री, अन्य मनोरंजन के साधन जैसे टीवी आदि की व्यवस्था की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में वरिष्ठजनों ने कराया परीक्षण

इस दौरान वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विमाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों द्वारा सभी का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे शुगर, रक्तचाप, कान की जांच एवं घुटने आदि की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाईया उपलब्ध कराई गई।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले के 60 वृद्धजनों का हुआ सम्मान

राज्यस्तरीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजधानी रायपुर में जिले के 60 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा द्वारा जिला कलेक्टरेट परिसर से गत शुक्रवार को दो बसों को हरी झण्डी दिखाकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के शामिल होने रवाना किया गया था।

# मशहूर लांस नायक महेश मिश्रा अब हो गए डॉक्टर महेश मिश्रा!

» तीन स्वर्ण पदक व इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा जिले को कर चुके है गौरवान्वित।
» ट्रैफिक मैन महेश मिश्रा के खाते में जुड़ी एक और उपलब्धि,मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि।
» स्वयं के खर्च पर विगत 15 वर्षों में लगाए 500 से अधिक कैंप,जागरूक कर बचाए सैकड़ों की जान।
» गूगल से भी पूछ सकते है कौन है ट्रैफिक मैन महेश मिश्रा ?

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** जिले में प्रेम की प्रतिमूर्ति व कर्तव्यनिष्ठता कि मिसाल ट्रैफिक मैन के नाम से मशहूर लांस नायक महेश मिश्रा ने निरंतर मानव अधिकार एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग दिल्ली से इंटरनेशनल जनरल मैनेजर श्रीमती कविता बजाज के हाथों डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त कर जिले सहित पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। सरल, सौम्य व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी महेश मिश्रा का जन्म कोरिया जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम खैरी निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता रामावतार मिश्रा के सुपुत्र के रूप में हुई। पिता के आदर्शवादी व्यक्तित्व एवं ज्ञान का व्यापक प्रभाव बचपन से ही इनके जीवन पर पड़ा जिसका सार्थक परिणाम रहा शुरुआती दिनों से ही महेश ने मन में समाज एवं देश के लिए कुछ कर गुजरने की ठान ली। योग्यता को सिर्फ अवसर की तलाश होती है इस वाक्य को चरितार्थ करते हुए श्री मिश्रा ने अपनी नियुक्ति यातायात शाखा में होने के पश्चात प्रारंभ से ही अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है। विश्व मानव अधिकार आयोग द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त होने पर श्री मिश्रा ने कहा कि यह मेरा व्यक्तिगत नहीं बल्कि जिले सहित प्रदेश वासियों का सम्मान है। यातायात जन जागरूकता अभियान के संचालन के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही जिले वासियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है जिसका सार्थक परिणाम रहा है कि बृहद पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन हो सका। आगे भी नई ऊर्जा, जोश एवं उत्साह के साथ यातायात जन जागरूकता अभियान जारी रहेगा इस अभियान में जिन्होंने भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना साथ एवं सहयोग प्रदान किया है भविष्य में भी इसी तरह की सहयोग की अपेक्षा के साथ डॉ. मिश्रा ने सभी का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही डॉक्टरेट के मानद उपाधि हेतु चयन के लिए विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के नेशनल चेयरमैन डॉ. तपन कुमार राउत्रे, मैनेजर कु.शिवानी शर्मा, डायरेक्टर अभिनव होता, चेयरमैन फ्रैंसिस्को सरधिन्हा, पीआरओ शुभम सिन्हा एवं आराधना अरोड़ा को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### यातायात जागरूकता अभियान बनी पहचान

आज के दौर में जहां सड़क हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा और इसे रोकने के लिए जिले के यातायात विभाग में पदस्थ लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा ने स्वयं के खर्च पर यातायात के प्रति जागरूकता के क्षेत्र में जिला ही नहीं संभाग एवं प्रदेश स्तर तक लगभग 4 लाख लोगों को जागरूक कर अपनी अलग पहचान स्थापित किया है। विगत कई वर्षों से निरंतर तन मन धन से यातायात जागरूकता अभियान का संचालन कर रहे श्री मिश्रा एक जुनून के रूप में व्यापक पैमाने पर कार्य कर रहे हैं।



### समाजसेवा बनी मिसाल

डॉ. महेश मिश्रा का समाज सेवा के क्षेत्र में भी निरंतर सहभागिता रही है जिसके तहत स्वयं के खर्च से वाहन चालकों को निःशुल्क चश्मा का वितरण करना, शहर के प्रमुख चौराहे के गड्ढे को भरना, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना, कुपोषित बच्चों को पोषण आहार का वितरण, जिले की सभी शासकीय महाविद्यालयों में स्वयं के खर्चे पर यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों से संबंधित बोर्ड लगवाना, आवारा मवेशियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु स्वयं के खर्चे से इनके गले में रेडियम पट्टा बांधने का कार्य, यातायात जागरूकता अभियान के दौरान छात्रों एवं उपस्थित जनों को सम्मान व पुरस्कार का वितरण करना, जरूरतमंदों को रक्तदान जैसे नेक कार्य इनके द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

### जिले में प्रेम की प्रतिमूर्ति व कर्तव्यनिष्ठता की मिसाल

गौरतलब है कि डॉ. मिश्रा अपने सरल, सहज व मिलनसार स्वभाव के कारण पूरे क्षेत्र में जाने जाते हैं बच्चों व युवाओं के बीच में इनकी अच्छी खासी पकड़ है साथ ही शहर में मिलनसार व्यक्तित्व के धनी माने जाते हैं जिसका परिणाम यह है कि पूरे शहर में सभी प्रतिष्ठानों के साथ जिले की विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य से लेकर विद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राओं, वाहन चालकों, मालिकों के पास इनका मोबाइल नंबर उपलब्ध है जो कि एक हेल्पलाइन की तरह कार्य करता है। जो किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में या यातायात संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए तथा कैरियर मार्गदर्शन के लिए उपयोग में आ रहा है। गौरतलब है कि डॉ. मिश्रा छोटे से पद पर रहते हुए भी अपने व्यवहार व कार्यों के बल पर सबका दिल जीत रखा है जिसका परिणाम है कि उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन उन्हें हमेशा मिलता रहा है।

### तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर किया है जिले को गौरवान्वित

लांस नायक डॉ.महेश मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में भी स्नातकोत्तर की परीक्षा में संस्कृत, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान लाकर स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है साथ ही वर्तमान में पीएचडी स्कॉलर हैं।

### मिल चुके हैं सैकड़ों सम्मान

तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समाज सेवा के नाम समर्पित की धारणा को जीवंत करने वाले देशभक्ति जनसेवा को चरितार्थ कर विभाग का नाम रोशन करने वाले डॉ. महेश मिश्रा को अब तक विभिन्न अवसरों में सैकड़ों सम्मान से नवाजा जा चुका है।

### मंच संचालन की कला में है महारत हासिल

लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा विगत 15 वर्षों से निरंतर नगर सेना, पुलिस विभाग के समस्त कार्यक्रमों के साथ ही कई अवसरों पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मंच संचालक के रूप में बड़े ही रोचक ढंग से अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। अपने सरल, सहज एवं सधे हुए शब्दों के साथ शानदार वक्तव्य कला के लिए जिले में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

### गूगल भी बता रहा पहचान

डॉ. मिश्रा द्वारा विगत 16 वर्षों से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में निरंतर उल्लेख होता रहा है जिसे गूगल पर हिंदी में महेश मिश्रा यातायात लिखकर आसानी से देखा जा सकता है।

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज

विगत 15 वर्षों से निरंतर समाज सेवा एवं जन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के फल स्वरूप डॉ.महेश मिश्रा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है।

### बधाई देने वालों का लगा तांता

मिलनसार व्यक्तित्व के धनी लांस नायक महेश मिश्रा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने की बात जिले एवं प्रदेश वासियों को पता चलते ही डॉ. मिश्रा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है एवं जिले में हर्ष का माहौल व्याप्त है हमारा भी सलाम है ऐसे कर्मवीर को।

### आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की उठ रही मांग

लांस नायक महेश मिश्रा द्वारा विगत 16 वर्षों से निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिला एवं प्रदेश को गौरवान्वित करने के फलस्वरूप सभी वर्ग के लोगों ने डॉ. मिश्रा को आउट ऑफ टर्न प्रमोट करने की मांग कर रहे हैं।

# जिला पंचायत सदस्य फूलमती सिंह ने क्यों किया सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार?

» जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक श्रीमती रेणुका सिंह की अध्यक्षता में संपन्न।
» समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभाग प्रमुखों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिला पंचायत की समीक्षा बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में संपन्न हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभागीय प्रमुखों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति से सदन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। सामान्य सभा की बैठक के आरंभ में गत बैठक में सदन के पटल पर रखे गए विषयों पर विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई। समय से जनप्रतिनिधियों के सवालों पर जवाब देने में लापरवाही करने वाले कुछ विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने ऐसे लापरवाह अधिकारियों के संबंध में विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देष दिए। वन विभाग से संतोषजनक जवाब प्रस्तुत ना होने के कारण सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित किया गया कि वन विभाग के उच्च कार्यालय को कड़ा पत्र प्रेषित किया जाए। वहीं काफी लंबे समय से एंबुलेंस खरीदी ना होने की बात पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से जवाब तलब किया। सदन में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत ना कर पाने के कारण सभी सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी की लापरवाही पर स्वास्थ्य संचालक को पत्र प्रेषित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया। इस बैठक में




जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उषा सिंह करयाम, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती चुन्नी पैकरा, श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, श्री दृगपाल सिंह उइके, श्रीमती फूलमती सिंह नेटी, जनपद बैकुण्ठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, भरतपुर जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी बैगा और सोनहत तथा खड़गंवा की जनपद अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के पहले जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत ने सदन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को राज्य शासन द्वारा प्रस्तावित रीपा योजना के लिए जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले के सभी जनपद पंचायतों के दो-दो ग्राम गोठानों को रीपा योजना के तहत चयनित किया गया है। यहां पानी, बिजली और पर्याप्त भूमि की उपलब्धता के साथ बाजार से संपर्क दूरी की भी स्थिति को देखा गया है। इन चयनित स्थानों पर आगामी दो अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा रीपा योजना का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित गौठानों के पास एक निर्धारित मानक के अनुसार दो करोड़ रूपए की लागत से व्यवसायिक क्षेत्र स्थापित किया जा रहा है इसमें स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ नए युवा उद्यमी जोडकर वस्तुओं का व्यवसायिक उत्पादन करने की योजना है। आने वाले समय में कोरिया जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत में गौठानों से ही ग्रामीण महिला आर्थिक सषक्तिकरण की नई राह बनेगी। इसके अलावा उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री जी के घोषणा के अनुरूप अब किसानों को तीन लाख रूपए तक की मदद केसीसी से प्राप्त होगी। बीते एक वर्ष में कोरिया जिले में अभियान चलाकर 30 हजार से ज्यादा नए केसीसी बना लिए गए हैं। बचे हुए सभी किसानों का केसीसी बनाने के लिए आगामी अक्टूबर माह से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर केसीसी बनाने का काम होगा साथ ही ग्रामीण परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने तथा उसके साथ ही श्रम विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन का कार्य भी किया जाएगा। सभी जनप्रतिनिधियों से उन्होने आग्रह किया कि इन षिविरों में सभी ग्रामीणों को आकर योजनाओं से जुड़ने के लिए जरूर प्रेरित करें। जिला खेल अधिकारी ने आगामी माह से आयोजित होने वाले पारंपरिक खेलों के ओलंपिक प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला पंचायत सीइओ ने सभी जनप्रतिनिधियों को इस आयोजन में षामिल होने का आग्रह किया। समीक्षा बैठक में फर्जी वनाधिकार पत्रकों पर वैधानिक कार्यवाही की मांग पर जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को पत्र लिखा गया है। सभी फर्जी पट्टा धारकों पर निरस्तीकरण के साथ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा सदन में धान खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन, विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था, विद्युत विहीन मजरे टोले में सौर ऊर्जा की व्यवस्था, पशु चिकित्सा शिविर, रेशम पालन के लिए योजनाओं, उद्यानिकी की योजनाओं, सौर सुजला, शाकंभरी योजना के हितग्राहियों के लक्ष्य सहित् अन्य विभागीय योजनाओं पर विस्तार स चर्चा हुई। इस बैठक में जिले के सभी विभाग प्रमुख, उप संचालक पंचायत तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सदन सभापति को पत्र लिखी जिपं सदस्य फूलमती सिंह ने सामान्य सभा का किया बहिष्कार

जिपं सदस्य फूलमती सिंह ने सदन सभापति को पत्र लिखी सामान्य सभा का बहिष्कार करते हुए लिख की मेरे क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई प्रकार की समस्याओं के संबंध में बार-बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया जाता है जिसकी जानकारी मेरे द्वारा जिला पंचायत के सभागार में सामान्य सभा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत-कोरिया के माध्यम से विभाग प्रमुखों को अवगत कराया जाता है फिर भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जाता है जिसके कारण जिला पंचायत के सदन में सामान्य सभा की बैठक में रहना औचित्य नहीं जिसके कारण बैठक का मेरे द्वारा बहिष्कार किया जाता है। जिसका मुख्य वजह है मेरे द्वारा बार-बार शिकायत किया गया की एकलव्य स्कूल जमथान वि.ख.-भरतपुर के लिए स्वीकृति मिली है और शासन जमीन प्रर्याप्त जगह होने के बावजूद विद्यालय जनकपुर में संचालित किया जा रहा है। सचिवों का बार-बार शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया गया, ग्राम पंचायत डोंगरीटोला पास व मलकडोल में निर्माण कार्य के जांच के लिए कहा गया था फिर भी जाच नहीं हुआ।

एनटीपीसी कोरबा में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी पखवाड़ा 2022 के तहत

# विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
**कोरबा 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** एनटीपीसी कोरबा में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए दिनाक 14-29 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा 2022 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष एनटीपीसी कोरबा के जन-जन तक हिन्दी भाषा के उपयोग के संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से कर्मचारियों एवं उनके परिजनो की सहभागिता के लिए निबंध लेखन, सुलेख प्रतियोगिता, श्रुतलेखन, टिप्पण, हिन्दी गीत एवं लोक गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विदित हो कि इन प्रतियोगिताओं में न केवल कर्मचारियों अपितु कर्मचारियों के परिजनो, महिलाओं एवं स्कूल के बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं पखवाड़े के उद्देश्य को सफल किया।हिन्दी भाषा के प्रचार ङ्क प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता ज़ाहिर करते हुए, एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक श्री पी एम जेना ने यह संदेश दिया कि ÷हिंदी हमारी संस्कृति एवं हृदयों से जुड़ी भाषा है । यह विशाल भारत की एकता का सूत्र तथा सभी भाषाओं के बीच एक सेतु है । परियोजना स्तर पर हिंदी के प्रगामी प्रयोग को गति प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं । सरकारी कार्यों के निष्पादन में हमें हिंदी के सहज और सरल शब्दों का प्रयोग करते हुए इसे आगे बढ़ाना है । हम अपने दैनिक जीवन में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करें 7 वही देश आज विकसित वर्ग में हैं, जिन्होंने अपनी भाषा को अपनाया है 7 हिन्दी भाषा के अधिकतम उपयोग को सुदृढ़ करने के लिए कोरबा परियोजना में संयंत्र परिसर एवं टाउनशिप में राजभाषा प्रतिज्ञा, हिन्दी संदेश, हिन्दी भाषा पे विभिन्न उल्लेख, इत्यादि का उपयोग किया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के हेतु प्रतिबद्ध है एवं हिन्दी भाषा को अधिकतम उपयोग के लिए निरंतर कार्यरत है।




## एसईसीएल के कामगारों को सलाना बोनस 76 हजार 5 सौ देना हुआ तय

**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कामगारों को सलाना बोनस जोकि 76 हजार 5 सौ जो 1 अक्टूबर से पहले दिया जाना तय हुआ है, जानकारी के अनुसार रांची सीएमपीडीआई के सभागार में कोल इंडिया प्रबंधन एवं श्रमिक यूनियनों के बीच आम बैठक चली जिसमें श्रमिक कामगारों को 76 हजार 5 सौ बोनस दिया जाना तय हुआ है, जबकि पिछले बार यह राशि 72 हजार 5 सौ दिया गया था। इसमें चिरमिरी एसईसीएल क्षेत्र के लगभग 3200 कर्मचारी एस ई सी एल हसदेव क्षेत्र से लगभग 4500 कर्मचारी और एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र से लगभग 4500 कर्मचारियों को यह बोनस दिया जाएगा, जिससे दुर्गा पूजा एवं दीपावली पर अच्छा खासा खरीदारी होने की उम्मीद है। पिछले 2 से 3 वर्षों से लगातार कोरोना के वजह से जहां एक तरफ व्यापारियों को लॉकडाउन से उनका व्यापार प्रभावित हुआ है। लेकिन इस बार बाजार में अच्छा खासा रौनक दिख रहा है, बोनस की राशि विजयदशमी से पहले कामगारों को भुकतान कर दिया जाएगा जिसे कोयलांचल क्षेत्रों में जमकर खरीदारी भी होने का अनुमान है। जेसीसी मेंबर बिलासपुर 76 हजार 5 सौ का कोयला कामगारों को दिया जाना तय हुआ है जिसमें चिरमिरी, बैकुंठपुर, हसदेव क्षेत्र के लगभग 12500 मजदूर को बोनस मिलेगा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रमांक संख्या (1) निविदा संख्याः-एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-22-23-17
**कार्य:** बिलासपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव का कार्य जैसे थ्रु/ पैच पेंटिंग, ग्रीसिंग, क्रेक/ क्षतिग्रस्त मेम्बर, रिवेट एवं कोरोजन गार्ड के प्रतिस्थापन का कार्य।
**निविदा मूल्य : ₹99,40,243.22/-। अमानत राशि : ₹1,98,800/-। बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि : 07.10.2022। निविदा की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 21.10.2022 को 16:30 बजे।**

क्रमांक संख्या (2) निविदा संख्याः-एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-22-23-18
**कार्य:** बिलासपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/ शहडोल के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव का कार्य जैसे थ्रु/ पैच पेंटिंग, ग्रीसिंग, क्रेक/ क्षतिग्रस्त मेम्बर, एवं रिवेट जैकिंग बिम का प्रावधान का कार्य।
**निविदा मूल्य : ₹1,00,69,694.49/-। अमानत राशि : ₹2,00,400/-। बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि : 07.10.2022। निविदा की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 21.10.2022 को 16:30 बजे।**

क्रमांक संख्या (3) निविदा संख्याः-एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-22-23-19
**कार्य:** नागपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/ गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव जैसे थ्रु/ पैच पेंटिंग, ग्रीसिंग, केम्बर रीडिंग प्लेटफार्म की फिक्सिंग, स्टील गर्डर पुल के बेड प्लेट में एचडी बोल्ट की ग्राउटिंग का कार्य।
**निविदा मूल्य : ₹65,00,731.70/-। अमानत राशि : ₹1,30,000/-। बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि : 07.10.2022। निविदा की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 21.10.2022 को 16:30 बजे।**

क्रमांक संख्या (4) निविदा संख्याः-एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-22-23-20
**कार्य:** नागपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/ गोंदिया के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 68, 159 एवं 270 ओपन वेब गर्डर और 05 नम्बर प्लेट, गर्डर पुलों में साईड पाथवे का प्रावधान।
**निविदा मूल्य : ₹3,81,20,081.23/-। अमानत राशि : ₹3,40,600/-। बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि : 07.10.2022। निविदा की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 21.10.2022 को 16:30 बजे।**

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पूर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता/पुल लाईन/ बिलासपुर कार्यालय या www.ireps.gov.in वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

**उप मुख्य अभियंता/पुल**
**सीपीआर/10/239 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

R.O.Number 387


# पटना श्री श्री 109 श्री दुर्गा पूजा समिति के कबड्डी प्रतियोगिता में 42 टीमों के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर पटना के बाजार पारा में श्रीश्री 109 श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित कब्बड़ी प्रतियोगिता में दो दिनों में 42 टीमों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों का मनोरंजन कराया। बता दें कि आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ संसदिय सचिव छ0ग0 शासन अम्बिका सिंह देव के द्वारा फीता काटर कर करते हुए कब्बड़ी खिलाड़ियों से परिचय लिया गया, शारदिय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजन समिति बाजार पारा द्वारा आयोजित कब्बड़ी प्रतियोगिता के चौथे दिन की प्रतियोगिता जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, पूर्व सरपंच राकेश प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश सचिव विनोद शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में खेला गया, अतिथियों का स्वागत सम्मान समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, दिपक खत्री, अमन देवांगन, रंजीत चाफेकर, राजा सोनी, जगत रजक द्वारा किया गया उसके बाद खेल प्रारंभ किया गया। उसके बाद स्थानिय एवं दूरस्थ स्थानों से पहुंचने वाले कब्बड़ी खिलाड़ीयों के द्वारा अपने अपने टीम को जीत दिलाने के लिए बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसे देखने के लिए कब्बड़ी पीच के चारों ओर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ लग रही है। जैसे जेसे प्रतियोगिता में टीमों की संख्या कम हो रही है वैसे वैसे दर्शकों की संख्या बढ़ते जा रही है और खेल का आनंद भी अधिक आ रहा है।



आयोजक समिति के दिपक खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 42 कब्बड़ी टीमों का पंजीयन हुआ है जिसमें से 30 टीमों के बीच मैच हो चुका है, कल तक शेष बचे 12 टीमों के बीच भी मैच हो जायेगा उसके बाद विजेता टीमों को दूसरे राउन्ड़ में मैच खेलने का अवसर मिलेगा। मैच रेफरी के रूप में आयोजित प्रतियोगिता को सफल बनाने में रियाज खान, इमत्याज खान, वहीद खान, बाबा सिंह, महानंद सिंह, अमन देवांगन, उदय सिंह, इस्माईल खान, चांद खान, मोहसिन, जावेद खान, देवेन्द्र सोनी,रिंकू सोनी, राजलाल, अजय कुमार के साथ साथ समिति के अन्य पदाधिकारियों का सराहनिय योगदान मिल रहा है। दिपक खत्री ने यह भी बताया कि प्रतियोगिता का फाईनल मैच जीतने वाली टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रूपए, कप व अन्डरसेट, उपविजेता टीम को 11 हजार रूपए, कप व अन्डर सेट, तृतीय पुरस्कार के रूप में 5100 रूपए व कप, बेस्ट रिडर को 1100 रूपए, बेस्ट कैचर को 1100 रूपए देकर सम्मानित किया जायेगा।

## पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति का चुनाव हुआ सम्पन्न

**कोरबा 01 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति का चुनाव 30/09/2022 दिन शुक्रवार को पत्रकार हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के संचालक मंडल का चुनाव का रिजल्ट घोषित होने के साथ ही सम्पन्न होगा गया । चुनाव में अनारक्षित वर्ग से 06 सदस्य विजयी घोषित हुए । वही ओबीसी पुरुष वर्ग के दो सदस्यों के लिए तीन पत्रकारों ने भाग्य आजमाया था । जिसमें दो सदस्य विजयी हुए । बता दें कि प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकार गृह निर्माण के संचालक मण्डल सदस्यों का चुनाव किया गया था जिसका रिजल्ट घोषित होने के साथ समपन्न हुआ बोर्ड सदस्यों के चुनाव में ओबीसी वर्ग से तीन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें राजेंद्र जायसवाल,कैलाश यादव और रघुनंदन सोनी ने भाग्य आजमाया था। जिसमें राजेंद्र और रघुनन्दन सोनी ने जीत हासिल की ।अनारक्षित वर्ग से राकेश श्रीवास्तव को 95 , सुखसागर मन्नेवार को 80, रंजन प्रसाद को 69 , मनोज ठाकुर को 64, नरेंद्र रात्रे को 56 व रामेश्वर ठाकुर को 54 वोट मिला एवं विजयी बनें ।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

Phone No-07831-273404,Fax No-273404 Email Id balrampur.cg@nic.in, balrampur@gmail.com

-निविदा-

बलरामपुर, दिनांक 27-09-2022

क्र मांक/1431/निर्वा.स्था./मत.सू.निवि./2022: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर के पत्र क्रमांक/01/निर्वा.नामा./पुन.-2023/03/2022-23/2612 रायपुर,दिनांक 27.07.2022 द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022-23 के तहत मतदाता सूचियों का प्रारंभिक एवं अंतिम प्रकाशन हेतु मतदाता सूची मुद्रण कराया जाना है।

जिला बलरामपुर अंतर्गत 3 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 664 मतदान केन्द्रों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूचियों एवं बी.एल.ओ.वर्किंग कॉपी मुद्रण का कार्य हेतु इच्छुक फर्मों से बंद लिफाफों में दिनांक 17.10.2022 शाम 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय के सूचना पटल/जिले के वेबसाईट balrampur.gov.in पर देखी जा सकती है।

(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)

**उप जिला निर्वाचन अधिकारी**
हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

**जी नंबर-94700/2**



**नाम परिवर्तन बाबत ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार अंकिता नेहा मिंज आ0 विजय मिंज, उम्र-29 वर्ष, निवासी महुआपारा वार्ड कं-04 थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अंकसूची में अंकिता नेहा मिंज की माता का नाम SMITH PUSHPA MINJ अंकित हो गया है,जो गलत है,जबकि अंकिता नेहा मिंज की माता का वास्तविक नाम PUSHPA MINJ है।

अंकिता नेहा मिंज के निर्देशानुसार यह आम सूचना/ ईश्तहार का प्रकाशन कराया जा रहा है कि मेरे पक्षकार अंकिता नेहा मिंज आ0 विजय कुमार मिंज माता PUSHPA MINJअंकिता नेहा मिंज के संपूर्ण दस्तावेज में लिखा एवं पढ़ा जाए।

पक्षकार
अंकिता नेहा मिंज
आ0 विजय कुमार मिंज
निवासी अम्बिकापुर,जिला सरगुजा

# उमरान मलिक,कुलदीप सेन होंगे टी 20 वर्ल्ड कप में भारत के नेट बॉलर्स का हिस्सा

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** जसप्रीत बुमराह टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की कगार पर बैठे हैं और उनके स्थान पर किसको लिया जाएगा इस पर चर्चा जारी है। भारत ने स्टैंडबाई खिलाड़ी के तौर पर मोहम्मद शमी और दीपक चाहर का नाम दिया हुआ है। बुमराह की चोट ने जिन खिलाड़ियों को अचानक सुर्खियों में ला दिया उनमे उमरान मलिक का नाम भी शामिल है।

उमरान कुछ महीने पहले तक टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक काफी उत्साहजनक नाम माने जा रहे थे पर वह अभी टी20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए कम अनुभवी माने गए हैं जिसके चलते टीम इंडिया की वर्ल्ड कप स्क्वॉड में उनको नाम नहीं मिला। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक उमरान मलिकटी20 वर्ल्ड कप की टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया जाएंगे और वहां पर भारत के लिए नेट बॉलर का काम करेंगे। उनके साथ एक और तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और कुछ स्पिनर भी होंगे।



जानकारी के अनुसार उमरान मलिक, कुलदीप सेन और कुछ स्पिन बॉलर टी20 वर्ल्ड कप में भारत के नेट बोलिंग अटैक का हिस्सा होंगे। उमरान मलिक और कुलदीप सेन दोनों इस समय घरेलू क्रिकेट में रेस्ट ऑफ इंडिया से खेल रहे हैं जो ईरानी कप 2022 का हिस्सा है। यह मुकाबला सौराष्ट्र बनाम रेस्ट ऑफ इंडिया का है जो राजकोट में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है।

आज से ही शुरू हुए इस मैच का पहला दिन जारी है और उमरान मलिक व कुलदीपन सेन ने मैच में अपना जबरदस्त प्रभाव छोड़ा है। दोनों ने ही 3-3 विकेट लिए हैं। कुलदीप सेन ने 7 ओवर में 41 रन देकर तीन और उमरान मलिक ने 5.5 ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। इनके अलावा मुकेश नाम के पेसर ने चार विकेट लिए जिसके चलते सौराष्ट्र की पहली पारी केवल 98 रनों पर ढेर हो गई।




## भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिये इकाना में मिलेंगे टिकट

**लखनऊ 01 अक्टूबर 2022।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच छह अक्टूबर को लखनऊ में खेले जाने वाले पहले एकदिवसीय मुकाबले के लिये टिकटों की बिक्री इकाना स्टेडियम में आज से शुरू होगी।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन (यूपीसीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंकित चटर्जी ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला एकदिवसीय मैच छह अक्टूबर को खेला जायेगा जिसके लिये पेटीएम के जरिये टिकटों की ऑनलाइन बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि दर्शकों की सुविधा के लिये एक अक्टूबर से इकाना स्टेडियम पर गेट नम्बर दो के निकट टिकट खिड़की पर टिकटों की बिक्री की जायेगी।

उन्होंने बताया कि दिन रात्रि का मैच अपराह्न 1.30 बजे शुरू होगा जिसके लिये दर्शकों का प्रवेश सुबह 10.30 बजे शुरू हो जायेगा। वाहनों के लिये तीन पार्किंग स्थल बनाये गये हैं जहां से दर्शकों को स्टेडियम के गेट तक पहुंचाने के लिये विशेष वाहन से की व्यवस्था की गयी है।

## एशियन जूनियर टेनिसःजया, आदित्य ने जीते दोहरा खिताब

**लखनऊ 01 अक्टूबर 2022।** भारत के आदित्य मोर और जया कपूर ने नवाब नगरी लखनऊ में चल रहे अंतरराष्ट्रीय एशियाई जूनियर टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-16 मुकाबलों के अंतिम दिन बालक और बालिका वर्ग में दोहरे खिताब जीतकर अपना परचम लहराया।




आदित्य मोर ने विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में बालक वर्ग के एकल फाइनल में आराध्य क्षितिज को 7-5, 7-6(5) से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। आदित्य ने इस कड़े मुकाबले में शानदार खेल और धैर्य का परिचय दिया। उनके ग्राउंड स्ट्रोक्स और सर्विस का उसके प्रतिद्वंदी के पास कोई जवाब नहीं था।

इससे पहले, आदित्य मोर ने अपने जोड़ीदार प्रनील शर्मा के साथ पुरुष युगल प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

दूसरी ओर, भारत की जया कपूर ने बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन के बूते दोहरा खिताब जीता। अपनी जोड़ीदार शगुन कुमारी के साथ युगल खिताब जीत चुकी जया ने फाइनल में अपनी युगल जोड़ीदार शगुन को 6-3, 6-0 से हराकर बालिका एकल खिताब जीता।

## राष्ट्रीय खेल में उप्र ने जीते चार स्वर्ण,दो रजत और एक कांस्य

**अहमदाबाद ,01 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीतते हुए अपना अभियान शुरू किया।

उत्तर प्रदेश इस सफलता के साथ राष्ट्रीय खेलों की तालिका (राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट पर अपडेट) में दूसरे स्थान पर रहा।

उत्तर प्रदेश के लिए आज महिला एथलेटिक्स में तीन स्वर्ण जीते जिसमें किरन बालियान और मुनीता प्रजापति ने नया नेशनल गेम्स रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान दिव्या काकरान ने भी महिला कुश्ती में उत्तर प्रदेश की झोली में स्वर्ण डाला। इसके अलावा पुरुष कबड्डी सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने फाइनल में पहुंच कर पदक पक्का किया।




एथलेटिक्स में आज बने नौ गेम्स रिकार्ड में दो रिकार्ड यूपी की एथलीटों की झोली में रहे। उत्तर प्रदेश के लिए एक मजदूर की बेटी मुनीता प्रजापति ने महिला 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में 1 घंटा 38 मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर इस संस्करण का पहला रिकार्ड बनाया।

महिलाओं के शॉट पुट में उत्तर प्रदेश की किरण बालियान ने भी नया गेम्स रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। किरन बालियान ने 17.14 मीटर का थ्रो करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की ।

महिला हैमर थ्रो में तीसरा स्वर्ण उत्तर प्रदेश की सरिता रोमित सिंह ने 61.03 मीटर के थ्रो के साथ जीता। इसके अलावा पुरुष एथलेटिक्स में 1500 मी. में उत्तर प्रदेश के अजय कुमार सरोज ने 3ः41.58 का समय निकालते हुए रजत पदक जीता।

महिला कुश्ती में उत्तर प्रदेश की दिव्या काकरान ने 76 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। उनकी इस सफलता से हरियाणा पहले दिन दांव पर लगे सभी छह स्वर्ण पदक जीतने से चूक गया। दिव्या ने चार्टर फाइनल में हरियाणा की रीतिका को हराया। फिर तेलंगाना की रोहिणी सत्य शिवानी और फाइनल में हिमाचल प्रदेश की रानी को 4-0 से हराया।

महिला कुश्ती के ही 62 किग्रा भार वर्ग में उत्तर प्रदेश की फ्रीडम यादव को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष टीम जिम्नास्टिक में उत्तर प्रदेश ने रजत पदक जीता। पुरुष कबड्डी सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने सर्विसेज को 42-37 से हराया।

## गुवाहाटी टी20 मुकाबलें के लिए टीम इंडिया में होगा ये बदलाव!

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच 2 अक्टूबर को गुवाहाटी में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों टीमें पहले गुवाहाटी पहुंच गई है। भारतीय टीम सीरीज में फिलहाल 1-0 की बढ़त के साथ अफ्रीका से आगे है। वहीं इस मैच के लिए भारतीय में बदलाव देखने को मिल सकता है। बता दे, जसप्रीत बुमराह चोट के चलते पहले ही साउथ अफ्रीका सीरीज और टी20 विश्व कप से बाहर हो चुके है। ऐसे में भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के लिए उनका भी विकल्प खोजना है। वहीं पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर एक बार फिर से अपने धारदार गेंदबाजी से साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजी की कमर तोड़ते नजर आएंगे। तो दूसरी तरफ मोहम्मद सिराज को जसप्रीत बुमराह की जगह मौका मिल सकता है। इसके अलावा विकेटकीपिंग की कमान इस बार दिनेश कार्तिक के हाथों में आ सकती है। कार्तिक कमाल की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग करते है और आईपीएल 2022 के बाद से तो कार्तिक को सभी ने एक बेस्ट फिनिशर के रुप में देखा है।

## महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया ने कहा,हम सही प्रगति कर रहे हैं

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार स्ट्राइकर वंदना कटारिया का मानना है की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सही प्रगति कर रही है और खिलाड़ियों का ध्यान लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने पर लगा हुआ है। भारत की तरफ से 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली वंदना ने कहा की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के कारण अब विश्व में भारतीय महिला हॉकी को पहचान मिलने लग गई है। भारतीय टीम में सुधार का सबूत एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) स्टार अवार्ड्स के लिए कई खिलाड़ियों का नामांकन है।



भारतीय कप्तान सविता को जहां वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए नामित किया गया है वहीं मुमताज खान को वर्ष की उदीयमान स्टार और मुख्य कोच यानिक शॉपमैन को वर्ष के कोच पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। वंदना ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,'' मेरा मानना है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। तीन या चार साल पहले टीम बमुश्किल किसी पुरस्कार के लिए नामित हो पाती थी क्योंकि हमारा प्रदर्शन स्तरीय नहीं था। लेकिन अब हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी में सही प्रगति कर रहे हैं और हमारे प्रदर्शन को पहचान मिल रही है।''

उन्होंने कहा,'' इस तरह की पहचान मिलने से बहुत अच्छा लगता है जिससे पता चलता है कि हमारा प्रदर्शन दुनिया की शीर्ष टीम के बराबरी पर है लेकिन अभी हमें पांव जमीन पर रखकर अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।'' वंदना ने कहा,''हमने टीम के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किए हैं और हम खेल के प्रत्येक विभाग पर ध्यान दे रहे हैं।

## हॉकी प्रो लीग के पहले सत्र के लिए भारत ने 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली, 01 अक्टूबर 2022।** भुवनेश्वर में प्रो लीग 2022-2023 सीजन की तैयारी के लिए 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय हॉकी शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप की शनिवार को घोषणा की गयी, जिसमें लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं ।

भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले जाने वाले डबल हैडर मैचों में भारतीय टीम न्यूजीलैंड और स्पेन से भिड़ेगी।

कोर ग्रुप में अनुभवी गोलकीपर शामिल हैं, पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, पवन। डिफेंडर्स जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीव जेस, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मंदीप मोर, यशदीप सिवाच, दीपसन टिर्की, संजय, मंजीत और सुमित शामिल हैं। साथ ही मिडफील्डर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल और पवन राजभर भी साथ में हैं। फारवर्ड आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, मो. कोर ग्रुप में राहील माउसेन, एस.कार्थी, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह का नाम लिया गया है।

## वरुण धवन और कृति सैनन की भेड़िया का टीजर जारी,डरावने हैं दृश्य

वरुण धवन और कृति सैनन हॉरर फिल्म भेड़िया में जल्द नजर आएंगे। फिल्म 25 नवंबर को बड़े पर्दे पर आएगी। इसका निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। अब मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर जारी कर दिया है। टीजर में कई डरावने दृश्य देखने को मिले हैं। हालांकि, इसमें फिल्म के कलाकारों का चेहरा नहीं दिखाया गया है।

मैडॉक फिल्म्स ने भेड़िया का टीजर शेयर करते हुए दर्शकों को सरप्राइज दिया है। मैडॉक फिल्म्स ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, तारीख को मार्क कर लें। भेड़िया का ट्रेलर 19 अक्टूबर, 2022 को धूम मचाने आ रहा है। टीजर के म्यूजिक रोंगटे खड़े करने वाले हैं। इसमें फिल्म की कहानी एक डरावनी आवाज में रैप करके बताई गई है। टीजर में बताया गया है कि कैसे भेड़िया अपने पेट के लिए इंसानों को निवाला बना रहा है। फिल्म का टीजर एक सिहरन पैदा करता है। अंधेरे जंगल में एक रैप से इसकी शुरुआत होती है।




टीजर वीडियो में कई कैरेक्टर्स नजर आए हैं, लेकिन किसी कलाकार का चेहरा नहीं दिखा है। इसमें आग के धुंध के बीच एक भेड़िए की आकृति उभरती हुई सामने आई है। टीजर का बैकग्राउंड म्यूजिक हॉरर फिल्मों की याद दिलाता है। टीजर देखने से पता चलता है कि फिल्म के वीएफएक्स पर काफी काम किया गया है। एक पुराने टीजर में वरुण को पूर्णिमा की रात में एक भेड़िए में बदलते हुए देखा गया था। वरुण को अमर की फिल्म स्त्री पसंद आई थी और वह इसी प्रकार की फिल्म करने के लिए उत्साहित थे। भेड़िया में वरुण एक राक्षस की भूमिका निभाएंगे। वरुण और कृति इससे पहले रोहित शेट्टी की दिलवाले में दिखे थे। फिल्म में अभिनेता दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी अपने अभिनय का तड़का लगाते दिखने वाले हैं।



## अन्वेषी जैन की बोल्डनेस के आगे फीकी पड़ जांएगी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस

गंदी बात फेम एक्ट्रेस अन्वेषी जैन अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं। गंदी बाद में एक्ट्रेस अन्वेषी जैन ने कई ऐसे इंटिमेट सीन्स से बोल्डनेस का तड़का लगाया था। उनकी खूबसूरती और हॉटनेस के चर्चे पूरे देशभर में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सिजलिंग अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट का पारा गर्म करने में लगी हुई है। गंदी बात फेम एक्ट्रेस अन्वेषी जैन के बोल्ड अदाओं के जलवे पूरे देश में हैं। एक्ट्रेस ने गंदी बात वेब सीरीज में इंटिमेट सीन्स से बोल्डनेस का तड़का लगा कर फैंस को अपना दीवाना बना दिया था। हाल ही में एक्ट्रेस अन्वेषी जैन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर सांझा की है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की टाइट फिटेड जैगिंग के साथा ब्लैक कलर का क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। अन्वेषी जैन जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस अक्सर उन पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस अन्वेषी जैन ने इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। और अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज के जरिए फैंस से इंटरेक्ट करती रहती हैं।













CMYK

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो,लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं : भूपेश बघेल






**रायपुर, 01 अक्टूबर 2022।** कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की शुरुआत प्रशासनिक स्तर को और बेहतर कैसे बनाया जाए इस बात की नसीहत देते हुए की। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन का दायित्व है कि बुनियादी सुविधाओं को प्रत्येक नागरिक को मुहैया कराए। उन्होंने कहा कि आत्म संतुष्टि के लिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी अपने कार्य को शत प्रतिशत दक्षता के साथ करें और अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाए। उन्होंने मिली शिकायतों से उपस्थित संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया और समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं पर उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोरोना काल में कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधन एवं उस समय संचालित किए गए ट्रेनिंग सेंटर के परफॉर्मेंस की प्रशंसा भी की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समीक्षा बैठक में शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। ताकि लाभ उठाने से कोई वंचित न हो। अधिकारियों से कहा कि समय पर कार्यालय पहुंचे। श्री बघेल ने कहा कि बरसात समाप्त होने वाली है, खराब सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार करें। अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने दायित्व का निर्वहन हो। अवैध शराब की शिकायत आ रही है। यह बिल्कुल भी नही होना चाहिए। पंडरिया के कुंडा, व वनांचल क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जुआ सट्टा पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी की शिकायत प्राप्त हो रही है, कार्य के लिए किसानों से पैसा लेन देन की, जांच करा कर कार्रवाई करें ताकि जनता को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जहां-जहां देवगुड़ी है, वह विकासखण्ड आदिवासी क्षेत्र में आते हैं या नहीं यह सुनिश्चित करें ताकि क्षेत्र में स्थित पुजारी को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 7000 रुपए की राशि देना सुनिश्चित किया जा सके। इसी तरह उन्होंने डीएमएफ निधि से बुनियादी सुविधाओं को स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप और बेहतर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश। आदिवासी अंचलों में बिजली कटौती की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने विद्युत अभियंता को विद्युत प्रबंधन को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

## युवा कांग्रेस संगठन का चुनाव परिणाम, आकाश शर्मा अब तक के सबसे ज्यादा मार्जिन से जीतने वाले अध्यक्ष बने

**रायपुर, 01 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस के हुए चुनाव के परिणाम सामने आये हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए हुए अंतिम गणना में आकाश शर्मा ने 3 लाख 86000 वोटों से जीत दर्ज की। आकाश शर्मा और मोनू अवस्थी के बीच मुकाबला था। आकाश



शर्मा अब तक के सबसे ज्यादा मार्जिन से जीतने वाले अध्यक्ष बने। अब तक ये रिकार्ड हरियाणा के अध्यक्ष के नाम पर था जिन्होंने दो लाख वोट से जीत हसिक की थी। आकाश शर्मा को 514374 और मोनू अवस्थी को 168815 वोट हासिल हुए। आकाश शर्मा 3 लाख 45000 से ज्यादा मतों से रहे आगे। प्रदेश पदाधिकारी और विधानसभा अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष के वोटों की भी घोषणा की गई। प्रदेश पदाधिकारियों के 100 पदों के साथ 90 विधानसभा अध्यक्ष और 40 जिला अध्यक्षों के परिणाम घोषित। विनोद कश्यप बने रायपुर जिला अध्यक्ष, समीर भट्ट- रायपुर दक्षिण विधानसभा, आजाद वर्मा- पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष, उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष बने पलाश मल्होत्रा, सजल चंद्राकर बने रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष।

कांकेर जिले में आकाश शर्मा खेमे की जीत, अमन मंडावी को जीत हासिल हुई। कोंडा गांव जिले में मोहन मरकाम का दबदबा कायम। जिला अध्यक्ष बने पीताम्बर नाग। प्रेमशीला शीला मंडावी बनी प्रदेश महासचिव प्रदेश में एसटी वर्ग में सर्वाधिक वोट प्राप्त किया हासिल।

# भाजपा कई राज्यो में कर सकती है बड़ा बदलाव?

**रायपुर , 01 अक्टूबर 2022।** भाजपा की आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी ओर से बैठके शुरू हो गयी है।गुजरात,मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में होने वाले आगामी चुनाव को लेकर पार्टी ने अभी से गहन मंथन शुरू कर दिया है।भाजपा बहुत जल्द इन राज्यो में बदलाव को लेकर बड़े फैसले ले सकती है।मध्यप्रदेश में भी बदलाव की चर्चाएं जोरो पर है।बी डी शर्मा ,नरोत्तम मिश्रा या ज्योतिरादित्य सिंधिया को मध्यप्रदेश की कमान दी सकती है।भोपाल की अफसरशाही के सामने शिवराज भी अब कमजोर नजर आने लगे है।नौकरशाही की वजह से पार्टी को चुनाव में बुरे परिणाम दिखे भी थे।ऐसी स्थिति में भाजपा यहाँ भी बड़े बदलाव करने का मूड बना चुकी है।



भाजपा के सभी राष्ट्रीय महामंत्री और संगठन प्रभारी एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री छत्तीसगढ़ और राजस्थान के साथ ही अन्य राज्यो को लेकर मंथन करने में लगे हुए है।बड़े फैसले लेने में वैसे भी भाजपा समय नही लगाती है। छत्तीसगढ़ से भी किसी को राज्यपाल के पद पर बैठाया जा सकता है चर्चा यह भी है कि 2023 के चुनाव को लेकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व सुनियोजित तरीके से अपने कार्य को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है।छत्तीसगढ़ से पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह को राज्यपाल बनाकर भी भेजा जा सकता है।साथ ही आगामी चुनाव में वर्तमान विधायको में से चार को लोकसभा चुनाव लड़वा सकती है।इस हिसाब से भी पार्टी बहुत कुछ बदलाव ला सकती है।

छत्तीसगढ़ भाजपा सांसदों को केंद्र में राज्यमंत्री बनाया जा सकता है।जिसमे कई नाम सामने आ रहे है,सामान्य वर्ग या आदिवासी वर्ग से यह नाम तय किया जा सकता है।मंत्रियो की सूची में प्रदेशअध्यक्ष बनने से पूर्व अरुण साव के नाम की चर्चा गरम थी।पर अब यह हो पाना असंभव ही है।आगामी चुनाव की रणनीति के तहत छत्तीसगढ से दो लोगो को केंद्रीय मंत्री परिषद में राज्य मंत्री बनाया जा सकता है क्योंकि 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव भी प्रस्तावित है।

**छत्तीसगढ़ भाजपा क्या आज भी कई गुटों में है विभक्त?**

छत्तीसगढ़ में आने वाले एक साल के अंदर विधानसभा चुनाव होने है।इस आगामी चुनाव में भाजपा अपनी पार्टी की सत्ता काबिज करना चाहती है।इसी कड़ी में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने डी पुरंदेश्वरी को छत्तीसगढ़ से रवाना भी किया था।इनकी जगह ओम माथुर को बड़ी जिम्मेदारी दी हुई है।छत्तीसगढ़ भाजपा में हुए बड़े बदलाव के बाद भी पार्टी गुटबाजी को काबू नही कर पाई है। प्रदेश भाजपा में सरगुजा, बस्तर, रायपुर, दुर्ग सहित कई जिलों के नेताओ का अपना अपना गुट है,इन सभी को पार्टी एक साथ लाने के क्या रणनीति अपनाएगी यह भविष्य के गर्भ में ही छुपा हुआ है।इसकी जानकारी भाजपा प्रभारी ओम प्रकाश माथुर तक पहुँच चुकी है। अब आगे और क्या परिवर्तन कर पाएंगे उनकी क्या योजना होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन भाजपा में प्रदेश स्तर पर बदलाव के बाद ज़िला स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं को आज भी रिचार्ज नही कर पाने की चिंता है।2023 के विधानसभा चुनाव के लिए मानसिक रूप से कार्यकर्ता तैयार नहीं हुए हैं,इस बात को जानने के लिए पार्टी अपनी ओर से गुप्त बैठकें भी कर रही है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को आज भी एक संशय बना हुआ है कि क्या आगामी चुनाव में आधे विधानसभा में पार्टी पुराने चेहरों को ही मैदान में उतरेगी क्या?ऐसी स्थिति में भाजपा क्या करेगी यह देखना फिलहाल बाकी है।

# रजिस्ट्रीकरण के बिना भू-जल निकालने पर होगा कारावास

## पानी का दुरूपयोग रोकने सरकार ने कड़े किए नियम

**रायपुर, 01 अक्टूबर 2022।** अफसरों के मुताबिक 2002 तक भू-जल संवर्धन के लिए नियम नहीं था। छत्तीसगढ़ ने जो नियम बनाए हैं वो महाराष्ट्र व अन्य राज्यों की तुलना में काफी कड़े हैं। पानी की कमी वाले गांवों व निकायों में रजिस्ट्रीकरण के बिना भू-जल निकालने पर कारावास और जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है।


नया नियम लागू होने से भू-जल की स्थिति सुधरने के आसार हैं। इससे जहां पर्यावरण संतुलन में मदद मिलेगी साथ ही जल स्तर बढने से किसानों को भी मदद मिलेगी। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने राज्य सरकार के भू-जल विधेयक पर हस्ताक्षर करने के साथ ही जल्द इसकी अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी।

गैर-अधिसूचित, अधिसूचित क्षेत्रों में औद्योगिक, वाणिज्यिक, खनन के लिए भू-जल निकालने के लिए अनुमति देने का काम यह प्राधिकरण करेगा। जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में भू-जल प्रबंधन परिषद बनेगी। कलेक्टर जिला भू-जल शिकायत निवारण अधिकारी होगा। ब्लाक स्तर पर जनपद पंचायत के सीईओ की अध्यक्षता वाली भू-जल उपयोगकर्ता पंजीकरण समिति बनेगी। यह विधेयक विधानसभा ने 25 जुलाई को पारित किया था। छत्तीसगढ़ में अब पानी के मनमाने उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब कोई भी व्यक्ति सरकार की अनुमति के बगैर यदि जमीन से पानी निकाला तो उसे भारी भरकम जुर्माना भरने के साथ ही जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। राज्य सरकार ने इसके लिए कड़ा कानून बना दिया है। हालांकि इसमें खेती और सेना द्वारा पानी से इस्तेमाल को छूट प्रदान की गई है। दरअसल प्रदेश में उद्योगों व साफ्ट ड्रिंक तथा बोतलबंद पानी वाले जमीन से बेतहाशा पानी निकाल रहे हैं।



प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा विकासखंडों में जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। अब तक व्यावसायिक उपयोग के लिए केंद्रीय भू-जल बोर्ड से अनुमति लेनी होती थी। किसी उद्योग पर जुर्माना लगता था तो वह केंद्र सरकार के खाते में जाता था। केंद्र सरकार ने राज्यों को अपने स्तर पर प्राधिकरण बनाने को कहा था। एनजीटी का भी मानना है कि सरकार की अनुमति से ही भू-जल के उपयोग की अनुमति लेने चाहिए? केंद्रीय भू-जल प्रबंधन विभाग साल में चार बार जनवरी, मई, अगस्त व नवंबर में इसकी रिपोर्ट बनाता है। अफसरों का मानना है कि ब्लाक वार रिपोर्ट में संकेत हैं कि प्रदेश में अच्छी बारिश से जमीन के पानी का स्तर बढ़ा है। फिर भी इसका मैनेजमेंट जरूरी है। उनकी यह भी चेतावनी है कि प्रदेश में 24 घंटे पानी सप्लाई जैसी योजनाओं से बचना चाहिए। जहां पानी की जरूरत हो वहां पहले पानी पहुंचाना चाहिए।

सिंचाई विभाग के सचिव पी. अन्बलगन के मुताबिक नया विधेयक अधिसूचना जारी होने के बाद लागू माना जाएगा। पंजीयन कैसे और कहां करवाना होगा यह अभी तय किया जाना है। इसके साथ ही अब इसके लिए राज्य भू-जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण बनेगा। राज्य स्तर पर सीएस की अध्यक्षता वाले राज्य भू-जल प्रबंधन और नियामक प्राधिकरण में 16 सदस्य भी होंगे।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)